प्रारम्भिक रचनानुवादकौमुदी

डा० कपिलदेव द्विवेदी

विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी

प्रारम्भिक रचनानुवादकौमुदी

(संशोधित और परिवर्धित संस्करण)

नवीनतम वैज्ञानिक पद्धति से लिखी गयी संस्कृत-व्याकरण और

अनुवाद की पुस्तक, संस्कृत के प्रारम्भिक छात्रों के लिए

लेखक—

डॉ० कपिलदेव द्विवेदी आचार्य,

एम० ए० (संस्कृत, हिन्दी), एम० ओ० एल०, डी० फिल्० (प्रयाग);

विद्याभास्कर, साहित्यरत्न, व्याकरणाचार्य, पी० ई० एस०,

संस्कृत-प्रोफेसर

गवर्नमेंट कॉलेज, ज्ञानपुर (वाराणसी)

विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी

समर्पण

श्रद्धा, विश्वास, शील और आस्तिकता की मूर्ति

जीवन-संगिनी

श्रीमती ओम्शान्ति द्विवेदी एम. ए.,

सिद्धान्त-शास्त्री

के

कर-कमलों में

सस्नेह समर्पित ।

कपिलदेव द्विवेदी

आत्म-निवेदन

(१) **पुस्तक-लेखन का उद्देश्यः**—यह पुस्तक संस्कृत के प्रारम्भिक छात्रों की आवश्यकता की पूर्ति के लिए प्रस्तुत की गयी है। किस प्रकार कोई भी विद्यार्थी २ या ३ मास में निर्भीक होकर सरल और शुद्ध संस्कृत लिख तथा बोल सकता है, इसका ही प्रकार उपस्थित किया गया है। 'संस्कृत भाषा क्लिष्ट भाषा है', इस लोकापवाद का खंडन करना मुख्य उद्देश्य है। संस्कृत के प्रारम्भिक छात्रों के लिए जितने व्याकरण का ज्ञान अत्यावश्यक है, उतना ही अंश इसमें दिया गया है। अनावश्यक सभी विवरण छोड़ दिया गया है। समस्त व्याकरण अनुवाद के द्वारा सिखाया गया है। रटने की क्रिया को न्यूनतम किया गया है।

(२) **पुस्तक की शैलीः**—पुस्तक कुछ नवीनतम विशेषताओं के साथ प्रस्तुत की गयी है। हिन्दी, संस्कृत तथा इंग्लिश् में अभी तक इस पद्धति से लिखी गयी अन्य कोई पुस्तक नहीं है। जर्मन और फ्रेंच भाषा में इस पद्धति पर लिखी गयी कुछ पुस्तकें हैं, जिनके द्वारा सरल रूप में जर्मन आदि भाषाएँ सीखी जा सकती हैं। इंग्लिश् तथा रूसी भाषा में भी वैज्ञानिक पद्धति से नवीन भाषा सिखाने के लिए अनेक पुस्तकें हैं। इन भाषाओं में भाषा-शिक्षण की जो नवीनतम वैज्ञानिक पद्धति अपनायी गयी है, उसको ही इस पुस्तक में भी आधार माना गया है।

(३) **अभ्यास और शब्दकोषः**—इस पुस्तक में केवल ३० अभ्यास दिये गये हैं। प्रत्येक अभ्यास में २० नये शब्द हैं। इस प्रकार कुल ६०० अत्यावश्यक मौलिक (Basic) शब्दों का प्रयोग विशेष रूप से सिखाया गया है। शब्दकोष के शब्दों का वर्गीकरण निम्नलिखित प्रकार से है—

(क) अर्थात् संज्ञा या सर्वनाम शब्द	३४९
(ख) अर्थात् धातु या क्रिया शब्द	१२२
(ग) अर्थात् अव्यय शब्द	८०
(घ) अर्थात् विशेषण शब्द	४९
पठित एवं अभ्यस्त शब्दों का योग	६०० (शब्दयोग)

(४) विद्यार्थियों से

(१) संस्कृत भाषा को अति सरल, सुबोध और सुगम बनाने के लिए यह पुस्तक प्रस्तुत की गयी है। प्रयत्न किया गया है कि छात्रों की प्रत्येक कठिनाई को दूर किया जाय। अतएव सरलतम भाषा का प्रयोग किया गया है।

(२) पुस्तक में केवल ३० अभ्यास हैं। प्रत्येक में केवल २० नये शब्दों का अभ्यास कराया गया है। कोई भी प्रारम्भिक छात्र एक या दो घंटा प्रतिदिन समय देने पर दो दिन में १ अभ्यास पूरा कर सकता है। इस प्रकार दो मास में यह पुस्तक समाप्त हो सकती है। केवल ८० नियमों में सब आवश्यक नियम दे दिये गये हैं।

(३) संस्कृत भाषा के प्रारम्भिक ज्ञान के लिए जितने शब्दों, धातुओं और नियमों के जानने की आवश्यकता है, वे सभी इस पुस्तक में हैं। इस पुस्तक का ठीक अभ्यास हो जाने पर छात्र निःसंकोच सरल एवं शुद्ध संस्कृत लिख और बोल सकता है।

(४) प्रारम्भिक छात्रों के लिए उपयोगी सम्पूर्ण व्याकरण इस पुस्तक के अन्त में दिया हुआ है। शब्दों के रूप, धातु-रूप, संख्याएँ, १८ मुख्य सन्धियों के नियम, १० मुख्य प्रत्ययों से बने हुए धातुओं के रूप परिशिष्ट में हैं।

(५) प्रत्येक अभ्यास में कुछ विशेष शब्दों और नियमों का अभ्यास कराया गया है। उनको प्रारम्भ से ही ठीक स्मरण करना चाहिए। विशेष सफलता के लिए प्रत्येक अभ्यास के अन्त में दिये हुए अभ्यास-प्रश्नों को भी करना चाहिए।

सेंट एंड्रूज कॉलेज, गोरखपुर
३०-६-१९५३

कपिलदेव द्विवेदी

नवम संस्करण की भूमिका

संस्कृत-प्रेमी अध्यापकों, विद्यार्थियों और जनता ने इस पुस्तक का हार्दिक स्वागत किया है, तदर्थ उनका अत्यन्त कृतज्ञ हूँ। पिछले संस्करणों में छपाई सम्बन्धी या अन्य जो त्रुटियाँ रह गयी थीं, उनका इस संस्करण में निराकरण कर दिया गया है। प्रस्तुत संस्करण प्रथम आठ संस्करणों का संशोधित रूप है। अनुवादार्थ गद्य-संग्रह, आवश्यक संकेत, हाईस्कूल के लिए उपयोगी शब्दरूप, धातुरूप और २० संस्कृत-निबन्ध आदि बढ़ाये गये हैं। आशा है प्रस्तुत संस्करण विद्यार्थियों के लिए विशेष उपयोगी सिद्ध होगा।

गवर्नमेंट कॉलेज, ज्ञानपुर (वाराणसी)
दिनांक २०-६-७६ ई०

कपिलदेव द्विवेदी

विषय–सूची

परिशिष्ट—व्याकरण

आवश्यक निर्देश

१. प्रत्येक अभ्यास में २० नये शब्द दिये गये हैं। ३० अभ्यासों में कुल ६०० अत्यावश्यक शब्द एकत्र किये गये हैं। प्रत्येक अभ्यास में मुख्यरूप से इन शब्दों और धातुओं का अभ्यास कराया गया है। इनको ठीक स्मरण कर लें।

२. शब्दकोष को ४ भागों में बाँटा गया हैं। क = संज्ञा-शब्द, (ख) = धातु या क्रिया-शब्द, (ग) = अव्यय, (घ) = विशेषण। शब्दकोष के लिए (क) (ख) आदि संकेत स्मरण कर लें। शब्दकोश में जहाँ (क) (ख) (ग) या (घ) नहीं है, वहाँ यह अर्थ समझें कि उस विभाग का शब्द वहाँ नहीं है। शब्दकोष के अन्त में सूचना दी गयी है कि शब्दों या धातुओं के रूप किस प्रकार चलेंगे। तदनुसार उनके रूप चलावें।

३. प्रत्येक अभ्यास के लिए केवल दो पृष्ठ दिये गये हैं। दोनों पृष्ठों पर पंक्तियाँ गिनकर रखी गयी हैं। बायीं ओर–(१) शब्दकोष, (२) व्याकरण सम्बन्धी कुछ नियम दिये गये हैं। दायीं ओर—(१) उदाहरण-वाक्य, (२) संस्कृत बनाने के लिए हिन्दी के वाक्य, (३) अशुद्ध वाक्यों के शुद्ध वाक्य, (४) अभ्यास आदि।

४. व्याकरण के जो नियम उस अभ्यास में दिये गये हैं तथा जो नये शब्द दिये हैं, उनका प्रयोग उदाहरण-वाक्यों में किया गया है। उदाहरण-वाक्यों को बहुत ध्यानपूर्वक समझ लें। उनसे बहुत मिलते हुए वाक्य ही संस्कृत-अनुवाद के लिए दिये गये हैं। जहां कोई कठिनाई हो, वहाँ उदाहरण-वाक्यों और अशुद्ध-वाक्यों के शुद्ध-वाक्यों से सहायता लें।

५. *चिह्न वाले नियम विशेष आवश्यक हैं। जिन अशुद्धियों का एक बार निर्देश किया है, बार-बार उनका निर्देश नहीं है। राम, गृह, रमा आदि के तुल्य चलनेवाले शब्दों के लिए प्रत्येक शब्दकोष में निर्देश नहीं है, उसके रूप तदनुसार चलावें।

६. सभी आवश्यक शब्दों और धातुओं के रूप पुस्तक के अन्त में दिये गये हैं; उन्हें वहाँ देखें। १ से १०० तक गिनती, १८ मुख्य संधियाँ तथा १० मुख्य प्रत्ययों से बने धातुओं के रूप और संस्कृत में निबन्ध अन्त में हैं। उनको वहीं देखें।

अभ्यास १

(क) सः (वह), तौ (वे दोनों), ते (वे सब), कः (कौन) (सर्वनाम)। रामः (राम), ईश्वरः (ईश्वर), बालकः (बालक), मनुष्यः (मनुष्य), नृपः (राजा), विद्यालयः (विद्यालय), ग्रामः (गाँव)। (११)। (ख) भू (होना), पठ् (पढ़ना), गम् (जाना), हस् (हँसना)। (४)। (ग) अत्र (यहाँ), तत्र (वहाँ), यत्र (जहाँ), कुत्र (कहाँ), किम् (क्या)। (५)।

सूचना—१. शब्दकोष के लिए ये संकेत स्मरण कर लें। आगे भी शब्दकोष में (क) (ख) (ग) (घ) का यही अर्थ समझें।

(क) = संज्ञा या सर्वनाम शब्द। (ख) = धातु या क्रिया-शब्द।

(ग) = अव्यय या क्रियाविशेषण। (घ) = विशेषण शब्द।

२. (क) चिह्न—(अर्थात् लकीर) 'तक' अर्थ का बोधक है। जैसे–१–१० अर्थात् १ से १० तक। राम—ग्राम अर्थात् ऊपर शब्दकोष में दिये राम से ग्राम तक सारे शब्द। (ख) 'वत्' का अर्थ है तुल्य या सदृश। जिस शब्द या धातु के तुल्य अन्य शब्दों या धातुओं के रूप चलेंगे, उसका संकेत 'वत्' लगाकर किया गया है। जैसे 'रामवत्' अर्थात् राम के तुल्य रूप चलेंगे। 'भवतिवत्' अर्थात् भवति के तुल्य रूप चलेंगे।

३. (क) राम—ग्राम, रामवत् अर्थात् ऊपर शब्दकोष (क) में दिये राम से ग्राम शब्द तक के रूप राम शब्द के तुल्य चलेंगे। (ख) भू—हस्, भवतिवत् अर्थात् भू से हस् धातु तक के रूप भवति के तुल्य चलेंगे।

व्याकरण (लट्, परस्मैपद)

१. राम शब्द के प्रथमा और द्वितीया विभक्ति के रूप स्मरण करो। (देखो शब्दसंख्या १) राम के तुल्य ही ईश्वर आदि के भी रूप चलाओ।

२. लट् का अर्थ है वर्तमानकाल। प्रथम पुरुष में धातु के अन्त में एकवचन में अति, द्विवचन में अतः, बहुवचन में अन्ति लगेगा। जैसे–भवति भवतः भवन्ति। इसी प्रकार पठ् आदि के भी रूप बनाओ। लट् आदि में गम् का गच्छ् हो जाता है। गच्छति गच्छतः आदि।

नियम १—कर्ता के अनुसार क्रिया का वचन और पुरुष होता है। जैसे, सः पठति। कर्ता प्रथमपुरुष एकवचन है, अतः क्रिया भी प्र० पु० एक० है।

नियम २—तीनों लिंगों में धातु का रूप वही रहता है।

नियम ३—कर्ता में प्रथमा होती है और कर्म में द्वितीया।

अभ्यास १

१. उदाहरण वाक्य—१. वह पढ़ता है—सः पठति। २. वे दो पढ़ते हैं (या पढ़ रहे हैं)—तौ पठतः। ३. वे सब पढ़ते हैं—ते पठन्ति। ४. वहाँ क्या हो रहा है?—तत्र किं भवति? ५. बालक वहाँ जाता है—बालकः तत्र गच्छति। ६. वह मनुष्य हँसता है—सः मनुष्यः हसति।

२. संस्कृत बनाओ—(क) १. वह पढ़ता है। २. वह हँसता है। ३. बालक पढ़ता है। ४. राम गाँव जाता है। ५. बालक विद्यालय जाता है। ६. राजा जा रहा है। ७. वह मनुष्य कहाँ जाता है? ८. वहाँ कौन पढ़ रहा है? ९. यहाँ क्या हो रहा है? १०. वह बालक हँसता है। (ख) ११. वे दोनों पढ़ते हैं। १२. वे दोनों कहाँ जाते हैं? १३. दो बालक हँसते हैं। १४. दो मनुष्य गाँव जाते हैं। १५. दो बालक विद्यालय जाते हैं। (ग) १६. वे सब पढ़ते हैं। १७. सब बालक हँसते हैं। १८. सब मनुष्य गाँव को जाते हैं। १९. वे बालक जहाँ जाते हैं, वहाँ हँसते हैं। २०. सब बालक पढ़ रहे हैं।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	देखो नियम-संख्या
(१) रामं ग्रामः गच्छन्ति।	रामः ग्रामं गच्छति।	१,३
(२) तौ पठति।	तौ पठतः।	१
(३) बालको विद्यालयः गच्छन्ति।	बालकौ विद्यालयं गच्छतः।	१,३
(४) यत्र गच्छन्ति तत्र हसति।	यत्र गच्छन्ति तत्र हसन्ति।	१

४. शुद्ध करो तथा नियम बताओ—सः पठतः। सः पठन्ति। तौ पठति। ते पठति। बालकः हसन्ति। सः गच्छन्ति। रामः ग्रामः गच्छन्ति। ते किं पठति।

५. अभ्यास (संस्कृत में)—(क) २ (क) के वाक्यों को द्विवचन और बहुवचन में बदलो। (ख) २ (ख) के वाक्यों को एकवचन और बहुवचन में बदलो। (ग) भू, पठ्, गम्, हस् के लट् प्रथम पुरुष के रूप लिखो। (घ) राम, बालक, मनुष्य, नृप, ग्राम के प्रथमा और द्वितीया के रूप लिखो।

६. वाक्य बनाओ—पठति, पठन्ति, गच्छति, गच्छन्ति, हसति, कः, किम्, अत्र, यत्र, तत्र, कुत्र।

शब्दकोष २०+२०=४०] **अभ्यास २** (व्याकरण)

(क) त्वम् (तू), युवाम् (तुम दोनों), यूयम् (तुम सब) (सर्वनाम)। गृहम् (घर), ज्ञानम् (ज्ञान), पुस्तकम् (पुस्तक), पुष्पम् (फूल), जलम् (जल), सत्यम् (सत्य), भोजनम् (भोजन), राज्यम् (राज्य)।(११)। (ख) रक्ष् (रक्षा करना), वद् (बोलना), पच् (पकाना), नम् (नमस्कार करना)।(४)। (ग) अद्य (आज), इदानीम् (अब), यदा (जब), तदा (तब), कदा (कब)।(५)।

सूचना—(क) गृह—राज्य, गृहवत्। (ख) रक्ष्—नम्, भवतिवत्।

व्याकरण (लट्, मध्यमपुरुष)

१. गृह शब्द के प्रथमा, द्वितीया के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द-संख्या २६)। शब्द के अन्त में प्रथमा और द्वितीया में अम्, ए, आदि न लगेगा। गृह और पुष्प शब्द में आनि के स्थान पर आणि लगेगा।

२. मध्यमपुरुष में धातु के अन्त में एकवचन में असि, द्विवचन में अथः और बहुवचन में अथ लगेगा। जैसे—पठसि, पठथः, पठथ। इसी प्रकार रक्ष् आदि धातुओं के रूप बनाओ। जैसे—रक्षसि, वदसि, पचसि, नमसि, गच्छसि, भवसि, हससि आदि।

३. संस्कृत में तीन वचन होते हैं—**एकवचन, द्विवचन, बहुवचन**। एक के लिए एकवचन (एक०), दो के लिए द्विवचन (द्वि०), तीन या अधिक के लिए बहुवचन (बहु०)।

४. तीन पुरुष होते हैं:—**प्रथम (या अन्य पुरुष** (प्र० पु०) अर्थात् वह, वे दोनों, वे सब, किसी व्यक्ति या वस्तु का नाम। (२) **मध्यमपुरुष** (म० पु०) अर्थात् तू, तुम दोनों, तुम सब। (३) **उत्तमपुरुष** (उ० पु०) अर्थात् मैं, हम दोनों, हम सब। ये नाम स्मरण कर लें।

नियम ४—(अपदं न प्रयुञ्जीत) बिना प्रत्यय लगाये किसी शब्द या धातु का प्रयोग न करें। (शब्द के अन्त में जुड़ने वाले अः, औ, आः आदि तथा धातु के अन्त में जुड़ने वाले अति, अतः, अन्ति आदि को प्रत्यय कहते हैं।) अन्त में बिना कुछ प्रत्यय लगाये गृह, पुस्तक, भोजन, पठ्, रक्ष् आदि का प्रयोग नहीं किया जा सकता है। गृहम्, पुस्तकम्, पठति आदि का ही प्रयोग होगा।

अभ्यास २

१. उदाहरण-वाक्य—१. तू पढ़ता है—त्वं पठसि। २. तुम दोनों पढ़ते हो—युवां पठथः। ३. तुम सब पढ़ते हो—यूयं पठथ। ४. त्वं पुस्तकं पठसि। ५. युवां राज्यं रक्षथः। ६. यूयं भोजनं पचथ। ७. त्वम् ईश्वरं नमसि। ८. युवां गृहं गच्छथः। ९. यूयं सत्यं वदथ। १०. त्वम् इदानीं किं पठसि ?

२. संस्कृत बनाओ—(क) १. तू पढ़ता है। २. तू घर जाता है। ३. तू हँसता है। ४. तू राज्य की रक्षा करता है। ५. तू सत्य बोलता है। ६. तू क्या कहता है ? ७. तू ईश्वर को नमस्कार करता है। ८. तू पुस्तक पढ़ता है। ९. तू कहाँ जाता है ? १०. तू आज क्या पढ़ रहा है ? ११. जब तू आता है, तब वह भोजन पकाता है। १२. तू अब पुस्तक पढ़ रहा है। (ख) १३. तुम दोनों कब पुस्तकें पढ़ते हो ? १४. तुम दोनों सत्य बोलते हो। १५. तुम दोनों क्या कहते हो ? १६. तुम दोनों राजा की रक्षा करते हो। (ग) १७. तुम सब विद्यालय को जाते हो। १८. तुम सब हँसते हो। १९. तुम सब कब पुस्तकें पढ़ते हो ? २०. तुम सब अब कहाँ जाते हो ?

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) त्वं राजस्य रक्षसि।	त्वं राज्यं रक्षसि।	३
(२) युवां पुस्तकं पठसि।	युवां पुस्तकानि पठथः।	१,४
(३) यूयं विद्यालयं गच्छथः।	यूयं विद्यालयं गच्छथ।	६
(४) यूयं हसन्ति।	यूयं हसथ।	६

४. शुद्ध करो तथा नियम बताओ—त्वं पठति। युवां पठथ। यूयं पठन्ति। यूयं वदसि। त्वं गच्छति। त्वं नृपस्य रक्षति। त्वं पठ्।

५. अभ्यास (क) २ (क) के वाक्यों को द्विवचन और बहुवचन में बदलो। (ख) भू, पठ्, गम्, हस्, रक्ष्, वद, पच्, नम् के लट् मध्यम पुरुष के रूप लिखो। (ग) गृह, ज्ञान, पुस्तक, पुष्प, भोजन के प्रथमा और द्वितीया के रूप लिखो। (घ) संस्कृत में कितने वचन और पुरुष होते हैं ? बताओ।

६. वाक्य बनाओ—पठसि, गच्छसि, पुस्तकम्, गृहम्, सत्यम्, अद्य।

शब्दकोष ४० + २० = ६०] **अभ्यास ३** (व्याकरण)

(क) अहम् (मैं), आवाम् (हम दोनों), वयम् (हम सब) (सर्वनाम)। रमा (लक्ष्मी), बालिका (लड़की), लता (लता), कथा (कथा, कहानी), क्रीडा (खेल), पाठशाला (पाठशाला), विद्या (विद्या)। (१०)। (ख) आ + गम् (आना), दृश् (देखना), स्था (रुकना, बैठना), पा (पीना), घ्रा (सूँघना), सद् (बैठना)। (६)। (ग) इतः (यहाँ से, इधर), ततः (वहाँ से), यतः (जहाँ से), कुतः (कहाँ से)। (४)।

सूचना—(क) रमा—विद्या, रमावत्। (ख) आगम्—सद्, भवतिवत्।

व्याकरण (लट्, उत्तमपुरुष, वर्णमाला)

१. रमा शब्द के प्रथमा और द्वितीया के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० १५)। इसी प्रकार बालिका आदि के रूप चलाओ।

२. उत्तमपुरुष में धातु के अन्त में एक० में आमि, द्वि० में आवः और बहु० में आमः लगेगा। जैसे—पठामि, पठावः, पठामः।

३. लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ् में इन धातुओं के ये रूप होते हैं—गम्—गच्छ्, गच्छति आदि। आगम्—आगच्छ, आगच्छति। दृश्—पश्य्, पश्यति। —तिष्ठ्, तिष्ठति। पा—पिब्, पिबति। घ्रा—जिघ्र्, जिघ्रति। सद्—सीद्, सीदति। लृट् में गम् आदि ही रहेगा।

४. **वर्णमाला**—कोष्ठ में पारिभाषिक नाम हैं, इन्हें स्मरण कर लें।

(क) **स्वर**—अ, इ, उ, ऋ, लृ, (ह्रस्व) ए, ऐ, ओ, औ (मिश्रित)
आ, ई, ऊ, ॠ, (दीर्घ)

(ख) **व्यंजन**—क, ख, ग, घ, ङ (कवर्ग), च, छ, ज, झ, ञ (चवर्ग)
ट, ठ, ड, ढ, ण (टवर्ग), त, थ, द, ध, न, (तवर्ग)
प, फ, ब, भ, म (पवर्ग), य, र, ल, व, (अन्तःस्थ)
श, ष, स, ह (ऊष्म), अनुस्वार, ँ (अनुनासिक)
: (विसर्ग)

सूचना—वर्ग के प्रथम (१) अक्षर का अर्थ है—क च ट त प। द्वितीय (२) —ख छ ठ थ फ। तृतीय (३)—ग ज ड द ब। चतुर्थ (४)—घ झ ढ ध भ। पंचम (५) | ङ ञ ण न म। संधि-नियमों के लिए ये संकेत स्मरण रखें।

नियम ५ - अज्झीनं परेण संयोज्यम्) हल् व्यंजन आगे के स्वर से मिल जाता है। (यह नियम ऐच्छिक है)। जैसे—अहम् + अद्य = अहमद्य। त्वमिदानीम्।

अभ्यास ३

१. उदाहरण-वाक्य:—१. मैं पढ़ता हूँ—अहं पठामि। २. हम दोनों पढ़ते हैं—आवां पठाव:। ३. हम सब पढ़ते हैं—वयं पठाम:। ४. अहं विद्यां पठामि। ५. आवां क्रीडां पश्याव:। ६. वयं पाठशालां गच्छाम:। ७. अहम् अत्र आगच्छामि। ८. वयमत्र तिष्ठाम:। अहं जलं पिबामि। १०. अहं पुष्पं जिघ्रामि। ११. वयमत्र सीदाम:! १२. बालिका कुत: आगच्छति।

२. संस्कृत बनाओ—(क) १. मैं पढ़ता हूँ। २. मैं पाठशाला जाता हूँ। ३. मैं खेल देखता हूँ। ४. मैं फूल सूँघता हूँ। ५. मैं वहाँ से आता हूँ। ६. मैं यहाँ बैठता हूँ। ७. मैं लता देखता हूँ। ८. मैं जल पीता हूँ। ९. मैं सत्य बोलता हूँ। (ख) १३. हम दोनों कहाँ से आते हैं? १४. हम दोनों वहाँ से आते हैं। १५. हम दोनों जल पीते हैं। १६. हम दोनों राजा को देखते हैं। (ग) १७. हम सब विद्या पढ़ते हैं। १८. हम सब ईश्वर को नमस्कार करते हैं। १९. हम सब फूल सूँघते हैं। २०. हम सब बालिका की रक्षा करते हैं।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) अहं पुष्पं घ्रामि।	अहं पुष्पं जिघ्रामि।	धातुरूप
(२) अहम् अत्र स्थामि।	अहमत्र तिष्ठामि।	,,
(३) वयं बालिकाया: रक्षामि।	वयं बालिकां रक्षाम:।	१,३

४. शुद्ध करो तथा नियम बताओ—अहं दृश्यामि। अहं स्थामि। अहं पामि। अहं घ्रामि। वयं सदाम:। आवां गच्छत:। वयं पश्यन्ति।

५. अभ्यास—(क) २ (क) के वाक्यों को द्विवचन और बहुवचन में बदलो। (ख) इनके लट् उत्तम पुरुष के रूप लिखो—भू, पठ्, रक्ष्, वद्, गम्, आगम्, दृश्, स्था, पा, घ्रा, सद्। (ग) इनके प्रथमा और द्वितीया के रूप लिखो—रमा, बालिका, लता, विद्या, कथा।

६. रिक्त स्थानों को भरो—(लट् लकार) १. अहं जलम् (पा)। २. अहं गृहं (गम्)। ३. अहं लतां (दृश्)। ४. अहं पुष्पं (घ्रा)। ५. वयं सत्यं (वद्)। ६. आवामत्र (स्था)। ७. वयं पुस्तकं (पठ्)। ८. ते भोजनं (पच्)।

शब्दकोष ६०+२०=८०] **अभ्यास ४** (व्याकरण)

(ख) कृ (करना), अस् (होना)।(२)। (ग) इत्थम् (ऐसे), तथा (वैसे), यथा (जैसे), कथम् (क्यों, कैसे), अपि (भी), न (नहीं), च (और), एव (ही)।(८)।(घ) एकः (एक), द्वौ (दो), त्रयः (तीन), चत्वारः (चार), पञ्च (पाँच), षट् (छः), सप्त (सात), अष्ट (आठ), नव (नौ), दश (दस)।(१०)

व्याकरण (कृ, अस्, लट्; कारक-परिचय)

१. कृ (करना) लट्				२. अस् (होना) लट्			
करोति	कुरुतः	कुर्वन्ति	प्र० पु०	अस्ति	स्तः	सन्ति	प्र० पु०
करोषि	कुरुथः	कुरुथ	म० पु०	असि	स्थः	स्थ	म० पु०
करोमि	कुर्वः	कुर्मः	उ० पु०	अस्मि	स्वः	स्मः	उ० पु०

२. संस्कृत में सम्बोधन को लेकर ८ विभक्तियाँ (कारक) होती हैं। उनके नाम, कारक-नाम और चिह्न ये हैं। इन्हें स्मरण कर लें।

विभक्ति		कारक	(कारक-चिह्न)
(१) प्रथमा	(प्र०)	कर्ता	—, ने
(२) द्वितीया	(द्वि०)	कर्म	को
(३) तृतीया	(तृ०)	करण	ने, से, द्वारा
(४) चतुर्थी	(च०)	संप्रदान	के लिए
(५) पंचमी	(पं०)	अपादान	से
(६) षष्ठी	(ष०)	सम्बन्ध	का, के, की
(७) सप्तमी	(स०)	अधिकरण	में, पर
(८) सम्बोधन	(सं०)	संबोधन	हे, अये, भोः

नियम ६—संस्कृत में 'च' (और) का प्रयोग एक शब्द के बाद कीजिये। अर्थात् हिन्दी में जहाँ 'और' लगता है, संस्कृत में 'च' एक शब्द के बाद में लगेगा। जैसे फल और फूल—फलं पुष्पं च। फलं च पुष्पम्, अशुद्ध है। इसी प्रकार रामः कृष्णः च, बालकः बालिका च, प्रयोग करें।

अभ्यास ४

१. उदाहरण-वाक्यः—१. अत्र एकः बालकः अस्ति। २. अत्र द्वौ मनुष्यौ स्तः। ३. अत्र त्रयः नृपाः सन्ति। ४. चत्वारः ग्रामाः ५. पञ्च पुस्तकानि। ६. षट् पुष्पाणि। ७. सप्त बालिकाः। ८. अष्ट गृहाणि। ९. नव विद्यालयाः। १०. दश पाठशालाः। ११. सः किं करोति ? १२. स पठति। १३. त्वं किं करोषि ? १४. अहं भोजनं करोमि। १५. सः अपि अत्र एव पठति।

२. संस्कृत बनाओ—(क) १. वह है। २. वे दोनों वहाँ हैं। ३. सब बालक यहाँ हैं। ४. तू कहाँ है ? ५. तुम दोनों यहाँ हो। ६. तुम सब कहाँ हो ? ७. मैं बालक हूँ। ८. हम दोनों भी यहाँ ही हैं। ९. हम सब मनुष्य हैं। (ख) १०. वह क्या करता है ? ११. वे सब भोजन करते हैं। १२. तू क्या करता है ? १३. तुम सब क्या करते हो ? १४. मैं भोजन करता हूँ। १५. हम राज्य करके हैं। (ग) १६. ईश्वर एक ही है। १७. दो बालक फूल सूँघते हैं। १८. तीन आदमी खाना खाते हैं। १९. चार बालक आ रहे हैं। २०. पाँच पुस्तकें और पाँच फूल यहाँ हैं। २१. छः बालिकाएँ इस प्रकार पढ़ रही हैं। २२. सात बालक भी यहीं पढ़ते हैं। २३. आठ पाठशालाएँ यहाँ हैं। २४. नौ फूल वहाँ हैं। २५. दस आदमी गाँव को जा रहे हैं।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) तौ अस्ति। त्वम् अस्ति।	तौ स्तः। त्वम् असि।	१
(२) तौ कुर्वन्ति। अहं करोषि।	तौ कुरुतः। अहं करोमि।	१
(३) चत्वारः बालकाः आगच्छति।	चत्वारः बालकाः आगच्छन्ति।	१
(४) पञ्च पुस्तकानि च पुष्पाणि।	पञ्च पुस्तकानि पुष्पाणि च।	६

४. शुद्ध करो—तौ सन्ति। ते अस्ति। अहम् अस्ति। त्वम् अस्मि। ते करोति। त्वं करोति। अहं करोषि। वयं करोमि।

५. अभ्यास—(क) १ से १० तक की गिनती के १० वाक्य बनाओ। (ख) अस् और कृ के लट् के रूप लिखो। (ग) विभक्ति और कारकों के नाम तथा उनके चिह्न बताओ।

६. रिक्त स्थान भरो—(लट् लकार) १. सः अत्र (अस्)। २. अत्र (अस्)। ३. त्वम् (अस्)। ४. अहम् (अस्)। ५. स किं (कृ) ? ६. त्वं किं (कृ) ?

शब्दकोश ८० + २० = १००] **अभ्यास ५** (व्याकरण

(क) भवान् (आप, पुंलिंग), भवती (आप, स्त्रीलिंग)। जनक (पिता), पुत्रः (पुत्र), उपाध्यायः (गुरु), नरः (मनुष्य), सूर्यः (सूर्य) चन्द्रः (चन्द्रमा), प्राज्ञः (विद्वान्), सज्जनः (सज्जन), दुर्जनः (दुर्जन), शिष्यः (शिष्य), प्रश्नः (प्रश्न)। (१३)। (ख) खाद् (खाना), क्रीड् (खेलना), पत् (गिरना), स्मृ (स्मरण करना), जि (जीतना), नी (ले जाना), हृ (ले जाना, हरण करना)। (७)।

सूचना—(क) जनक—प्रश्न, रामवत्। (ख) खाद्—हृ, भवतिवत्।

व्याकरण (राम, लट्, प्रथमा, संबोधन)

१. राम शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। देखो शब्द संख्या १)। जनक आदि के तुल्य चलेंगे, अन्त में संक्षिप्त रूप लगाओ।

२. भू— लट् (वर्तमान)				संक्षिप्त रूप		
भवति	भवतः	भवन्ति	प्र० पु०	अति	अतः	अन्ति
भवसि	भवथः	भवथ	म० पु०	असि	अथः	अथ
भवामि	भवावः	भवामः	उ० पु०	आमि	आवः	आमः

सूचना—खाद् आदि के रूप भवति के तुल्य चलेंगे। संक्षिप्त रूप अन्त में लगेंगे। जैसे—खादति, क्रीडति, पतति, स्मरति, जयति, नयति, हरति।

*__नियम ७__—कर्ता (व्यक्तिनाम, वस्तुनाम आदि) में प्रथमा होती है। जैसे—रामः पठति। बालकः गच्छति।

नियम ८—किसी को सम्बोधन करने (पुकारने) में संबोधन विभक्ति होती है। जैसे—हे राम !, हे कृष्ण !, हे देवदत्त !

नियम ९—भवत् (आप) शब्द के साथ सदा प्रथम पुरुष (अन्य पुरुष) आता है, मध्यम पुरुष नहीं। भवत् के रूप पुंलिंग में चलते हैं—भवान्, भवन्तौ, भवन्तः आदि। स्त्रीलिंग में—भवती, भवत्यौ, भवत्यः—आदि। जैसे—भवान् पठति, भवन्तौ पठतः, भवन्तः पठन्ति। भवती पठति। भवत्यौ पठतः। भवत्यः पठन्ति।

नियम १०—र् और ष् के बाद न् को ण् हो जाता है, यदि स्वर, ह्, य्, व्, र्, कवर्ग, पवर्ग, न्, बीच में हो तो भी। इन शब्दों में यह नियम लगेगा—राम, ईश्वर, नृप, ग्राम, पुत्र, नर, सूर्य, चन्द्र, शिष्य। अतः इनमें तृतीया एकवचन में एण और षष्ठी बहु० में आणाम् लगेगा।

अभ्यास ५

१. उदाहरण-वाक्यः—१. आप जाते हैं—भवान् गच्छति। २. आप सब जाते हैं—भवन्तः गच्छन्ति। ३. आप हँसती हैं— भवती हसति। ४. पुत्रः भोजनं खादति। ५. पुत्रः क्रीडति। ६. पुष्पं पतति। ७. रामः ईश्वरं स्मरति। ८. नृपः राज्यं जयति। ९. शिष्यः पुस्तकं तत्र नयति। १०. दुर्जनः धनं हरति।

२. संस्कृत बनाओ :—(क) १. बालक घर जाता है। २. मनुष्य आते हैं। ३. पुत्र पिता को नमस्कार करता है। ४. बालक सूर्य और चन्द्रमा को देखता है। ५. शिष्य गुरु से कहता है (वद्)। ६. विद्वान् और सज्जन सत्य बोलते हैं। ७. दुर्जन असत्य बोलते हैं। ८. बालक खाना खाता है। ९. पुत्र खेलता है। १०. फूल गिरता है। ११. शिष्य पाठ याद करता है। १२. राजा राज्य को जीतता है। १३. बालक पुस्तक ले जाता है। १४. दुर्जन राज्य का हरण करता है। (ख) १५. तू पढ़ता है। १६. तू सत्य बोलता है। १७. तू भोजन करता है। १८. मैं यहाँ आता हूँ। १९. मैं खेलता हूँ। २०. मैं पुस्तक ले जाता हूँ। (ग) २१. आप यहाँ आते हैं। २२. आप सब वहाँ जाते हैं। २३. आप सत्य बोलती हैं। २४. आप सब पुस्तकें पढ़ती हैं।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) भवान् आगच्छसि।	भवान् आगच्छति।	९
(२) भवती सत्यं वदसि।	भवती सत्यं वदति।	९

४. अभ्यास—(क) २ (ख) को द्विवचन और बहुवचन में बदलो। (ख) इन धातुओं के लट् के पूरे रूप लिखो—भू, पठ्, गम्, वद्, आगम्, दृश्, स्था, पा, घ्रा, सद्, खाद्, नी, हृ। (ग) इन शब्दों के पूरे रूप लिखो—राम, बालक, मनुष्य, नर, जनक, पुत्र।

५. वाक्य बनाओ—खादति, क्रीडामि, स्मरामि, भवान्, भवती, भवत्यः।

६. रिक्त स्थान भरो—(लट् लकार) १. भवान् (हस्)। २. भवती (पठ्)। ३. बालकाः (पठ्)। ४. वयं (क्रीड्)। ५. यूयं (वद्)। ६. पुष्पाणि (पत्) ७. दुर्जनः बालिकां (हृ)। ८. यूयं किं (खाद्) ?

शब्दकोश १००+२०=१२०] अभ्यास ६ (व्याकरण)

(क) धनम् (धन), फलम् (फल), पत्रम् (पत्ता, चिट्ठी), वनम् (वन), नगरम् (नगर), अध्ययनम् (पढ़ना), कार्यम् (कार्य)। (७) (ख) तुद् (दुःख देना), इष् (चाहना), स्पृश् (छूना), लिख् (लिखना), प्रच्छ् (पूछना), विश् (प्रविष्ट होना)। (६) (ग) अभितः (दोनों ओर), उभयतः (दोनों ओर), परितः, (चारों ओर), सर्वतः (सब ओर), प्रति (ओर), धिक् (धिक्कार), विना (विना)। (७)।

सूचना—(क) धन—कार्य, गृहवत्। (ख) तुद्—विश्, भवतिवत्।

व्याकरण (गृह, लोट्, द्वितीया)

१. गृह शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द संख्या २६)। संक्षिप्त रूप लगाकर धन आदि के रूप गृह के तुल्य चलावें। नियम १० इन शब्दों में लगेगा—गृह, पुष्प, पत्र, नगर, कार्य। अतः इनमें आनि के स्थान पर आणि, एन की जगह एण और आनाम् की जगह आणाम् लगेगा।

२. तुद् आदि के रूप भू के तुल्य चलावें। लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ् में इष् का इच्छ् और प्रच्छ् का पृच्छ् हो जाता है। जैसे—तुदति, इच्छति, स्पृशति, लिखति, पृच्छति, विशति।

३. भू—लोट् (आज्ञा अर्थ)				संक्षिप्त रूप		
भवतु	भवताम्	भवन्तु	प्र० पु०	अतु	अताम्	अन्तु
भव	भवतम्	भवत	म० पु०	अ	अतम्	अत
भवानि	भवाव	भवाम	उ० पु०	आनि	आव	आम

सूचना—संक्षिप्त रूप लगाकर पठ्, गम आदि तथा तुद् आदि के रूप बनावें। जैसे, पठतु, गच्छतु, वदतु, तुदतु, इच्छतु, लिखतु, पृच्छतु आदि।

*नियम ११—(कर्मणि द्वितीया) कर्मकारक में द्वितीया होती है। जैसे—रामः विद्यालयं गच्छति। स पुस्तकं पठति। स प्रश्नं पृच्छति।

नियम १२—अभितः, उभयतः, परितः, सर्वतः, प्रति, धिक् और विना के साथ द्वितीया होती है। जैसे—ग्रामम् अभितः उभयतः वा (गाँव के दोनों ओर)। ग्रामं प्रति। दुर्जनं धिक् (दुर्जन को धिक्कार)। रामं विना (राम के विना)।

अभ्यास ६

१. उदाहरण-वाक्य :—१. वह पुस्तक पढ़े—स पुस्तकं पठतु। २. तू खाना खा—त्वं भोजनं खाद। ३. मैं गाँव जाऊँ—अहं ग्रामं गच्छामि। ४. गाँव के दोनों ओर जल है—ग्रामम् अभितः उभयतः वा जलम् अस्ति। ५. विद्यालय के चारों ओर फूल हैं—विद्यालयं परितः सर्वतः वा पुष्पाणि सन्ति। ६. स विद्यालयं प्रति (विद्यालय की ओर) गच्छतु। ७. स पृच्छतु। ८. त्वं लिख। ९. अहं पुष्पं वनं च इच्छामि। १०. सत्यं वद।

२. संस्कृत बनाओ—(क) १. वह पुस्तक पढ़े। २. वह गाँव जावे। ३. वह फल खावे। ४. वह पत्ते को छूए। ५. वह फूल चाहे। ६. वह पत्र लिखे। (ख) ७. तू ज्ञान और धन चाह। ८. तू यहाँ आ। ९. तू वहाँ जा। १०. तू असत्य न बोल। ११. तू सत्य बोल। १२. तू भोजन पका। १३. तू सज्जन को दुःख न दे। १४. तू घर में प्रविष्ट हो। (ग) १५. मैं प्रश्न पूछूँ। १६. मैं विद्या पढ़ूँ। १७. मैं पत्र लिखूँ। १८. मैं पुस्तक चाहूँ। १९. मैं फूल छूऊँ। (घ) २०. नगर के दोनों ओर जल है। २१. गाँव के चारों ओर वन है। २२. घर की ओर जाओ। २३. दुर्जन को धिक्कार। २४. विद्या के बिना ज्ञान नहीं होता है।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) त्वम् असत्यं न वदतु।	त्वम् असत्यं न वद।	१
(२) त्वं गृहे प्रविशन्तु।	त्वं गृहं प्रविश।	११,१
(३) दुर्जनस्य धिक्।	दुर्जनं धिक्।	१२

४. अभ्यास—(क) २ (क), (ख), (ग) को बहुवचन में बदलो। (ख) इनके पूरे रूप लिखो—गृह, फल, ज्ञान, पुस्तक, पुष्प, धन, वन। (ग) लोट् के पूरे रूप लिखो—भू, पठ्, लिख्, गम्, स्था, पा, दृश्, वद, इष्, प्रच्छ्।

५. वाक्य बनाओ—अभितः, उभयतः, परितः, सर्वतः, प्रति, धिक्, विना, पठतु, पठ, वद, तिष्ठ, इच्छानि, लिखानि, पृच्छानि।

६. रिक्त स्थान भरो—१.... अभितः जलम्। २.... उभयतः वनम्। ३.... परितः पुष्पाणि सन्ति। ४....धिक्। ५. त्वं....पठ।

शब्दकोश १२० + २० = १४०] **अभ्यास ७** (व्याकरण

(क) कन्या (लड़की), अजा (बकरी), वसुधा (पृथ्वी), सुधा (अमृत), भार्या (पत्नी), आज्ञा (आज्ञा), निशा (रात्रि), जटा (जटा), क्षमा (क्षमा), माला (माला), गङ्गा (गंगा), यमुना (जमुना), शिला (शिला), प्रजा (प्रजा), लज्जा (लज्जा)। (१५)। (ख) चुर् (चुराना), चिन्त (सोचना), कथ् (कहना), भक्ष् (खाना), रच् (बनाना)। (५)।

सूचना—(क) कन्या—लज्जा, रमावत्।

व्याकरण (रमा, लङ्, द्वितीया)

१. रमा शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द संख्या १५)। संक्षिप्त रूप लगाकर कन्या आदि के रूप बनाओ। नियम १० इन शब्दों में लगेगा—रमा, भार्या, क्षमा।

२. चुर् आदि धातुओं के निम्नलिखित रूप बनाकर 'भवति' के तुल्य रूप चलेंगे। चुर्—चोरयति, चिन्त्—चिन्तयति, कथ्—कथयति, भक्ष्—भक्षयति, रच्—रचयति।

३. संस्कृत में क्रिया (धातु) के १० प्रकार के रूप बनते हैं। इन्हें 'लकार' कहते हैं। इस पुस्तक में ५ लकार ही दिये गये हैं। उनके नाम और अर्थ ये हैं, इन्हें स्मरण कर लें। (१) लट् (वर्तमानकाल), (२) लोट् (आज्ञा अर्थ), (३) लङ् (अनद्यतन भूतकाल, आज के भूतकाल में लङ् नहीं होगा), (४) विधिलिङ् (आज्ञा या चाहिए अर्थ), (५) लृट् (भविष्यत् काल)।

४. भू—लङ् (भूतकाल)

				संक्षिप्त रूप		
अभवत्	अभवताम्	अभवन्	प्र० पु०	अत्	अताम्	अन्
अभवः	अभवतम्	अभवत	म० पु०	अः	अतम्	अत
अभवम्	अभवाव	अभवाम	उ० पु०	अम्	आव	आम

सूचना—धातु से पहले 'अ' लगेगा, अन्त में संक्षिप्त रूप। जैसे, अपठत्, अगच्छत् आदि। धातु का प्रथम अक्षर स्वर होगा तो पहले 'आ' लगेगा।

***नियम १३**—गमन (चलना, हिलना, जाना) अर्थ की धातुओं के साथ द्वितीया होती है। जैसे—ग्रामं गच्छति। गृहं गच्छति।

अभ्यास ७

१. उदाहरण-वाक्य—१. उसने पुस्तक पढ़ी—स पुस्तकं अपठत्। २. तू गाँव गया—त्वं ग्रामं अगच्छः। ३. मैंने भोजन खाया—अहं भोजनं अखादम्। ४. दुर्जनः पुस्तकं आचोरयत्। ५. सः अचिन्तयत्। ६. अहं अकथयम्। ७. कन्या मालां अरचयत्। ८. प्रजा नृपं अनमत्। ९. भार्या सुधां अपिवत्। १०. वसुधायां गंगा यमुना च स्तः। ११. स आगच्छत्।

२. संस्कृत बनाओ—(क) १. वह गाँव गया। २. वह यहाँ आया। ३. वह हँसा। ४. वह बोला। ५. उसने विद्या पढ़ी। ६. उसने भोजन खाया। ७. उसने धन चुराया। ८. उसने माला बनायी। ९. उसने पत्र लिखा। १०. उसने कन्या की रक्षा की। (ख) ११. तूने पुस्तक पढ़ी। १२. तूने कन्या देखी। १३. तू घर गया। १४. तूने जल पिया। १५. तूने बकरी छुई। (ग) १६. मैं रात्रि में घर गया। १७. मैंने अमृत पिया। १८. मैं शिला पर बैठा। १९. मैंने भोजन खाया। २०. मैंने पुस्तक बनायी। (घ) २१. कन्या लज्जा करती है। २२. शिष्य क्षमा चाहता है। २३. मालाएँ और जटाएँ यहाँ हैं। २४. गंगा और यमुना को देखो। २५. बकरी घर जाती है।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) स ग्रामे अगच्छत्।	स ग्रामम् अगच्छत्।	१३
(२) स कन्याया अरक्षत्।	स कन्याम् अरक्षत्।	११
(३) अहम् गृहम् अगच्छत्।	अहं गृहम् अगच्छम्।	१

४. अभ्यास—(क) २ (क), (ख), (ग) को बहुवचन में बदलो। (ख) २ (क), (ख), (ग) को लट् और लोट् में बदलो। (ग) इन शब्दों के पूरे रूप लिखो–रमा, बालिका, लता, विद्या, अजा, माला, गङ्गा। (घ) इन धातुओं के लङ् के रूप लिखो–भू, पठ्, गम्, लिख्, वद्, दृश्, स्था, पा, घ्रा, चुर्, कथ्, भक्ष्।

५. वाक्य बनाओ—अपठत्, अलिखम्, ऐच्छत्, अपश्यत्, अतिष्ठम्, अपिबम्, अजिघ्रत्, अचोरयत्, अभक्षयत्।

६. रिक्त स्थान भरो – (लङ् लकार) १. स पत्रम् (लिख्)। २. स फलम् (इष्)। ३. अहं भोजनम् (भक्ष)। ४. त्वं कन्याम् (दृश्)। ५. अहं पुष्पम् (घ्रा)।

शब्दकोश १४०+२०=१६०] **अभ्यास ८** (व्याकरण)

(क) हरिः (विष्णु), मुनिः (मुनि), कविः (कवि), यतिः (संन्यासी) रविः (सूर्य), अग्निः (आग), गिरिः (पहाड़), कपिः (बन्दर), भूपतिः (राजा), सेनापतिः (सेनापति)। अर्थः (१. अर्थ, २. धन, ३. प्रयोजन), दण्डः (डंडा), कन्दुकः (गेंद)। प्रयोजनम् (प्रयोजन)। (१४)। (ख) दिव् (१. चमकना, २. जुआ खेलना), नृत् (नाचना), नश् (नष्ट होना), भ्रम् (घूमना)। (४) (ग) सह (साथ), सार्धम् (साथ)। (२)।

सूचना—(क) हरि—सेनापति, हरिवत्। (ख) दिव्—भ्रम्, दिव् के तुल्य।

व्याकरण (हरि, विधिलिङ्, तृतीया)

१. हरि शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द संख्या २)। संक्षिप्त रूप लगाकर मुनि आदि के रूप हरिवत् बनाओ। नियम १० इन शब्दों में लगेगा—हरि, रवि, गिरि। जैसे—हरिणा, हरीणाम्।

२. दिव् आदि के निम्नलिखित रूप बनाकर 'भू' धातु के तुल्य रूप चलावें। दीव्यति, नृत्यति, नश्यति, भ्राम्यति। दीव्यतु, अदीव्यत्, दीव्येत् आदि।

३. भू—विधिलिङ् (आज्ञा अर्थ) संक्षिप्त रूप

भवेत्	भवेताम्	भवेयुः	प्र० पु०	एत्	एताम्	एयुः
भवेः	भवेतम्	भवेत	म० पु०	एः	एतम्	एत
भवेयम्	भवेव	भवेम	उ० पु०	एयम्	एव	एम

संक्षिप्त रूप लगाकर पूर्वोक्त पठ् आदि के रूप इसी प्रकार चलावें।

❀ **नियम १४**—(कर्तृकरणयोस्तृतीया) करण कारक में तृतीया होती है और कर्मवाच्य या भाववाच्य में कर्ता में। जैसे—कन्दुकेन क्रीडति। दण्डेन गच्छति। रामेण भोजनं खादितम्।

❀ **नियम १५**—(सहयुक्तेऽप्रधाने) सह, सार्धम्, साकम्, समम्, (जब साथ अर्थ में हों) के साथ तृतीया होती है। जैसे—पिता के साथ घर जाता है—जनकेन सह सार्धं साकं समं वा गृहं गच्छति।

❀ **नियम १६**—किम्, कार्यम्, अर्थः, प्रयोजनम् (चारों प्रयोजन अर्थ में हों तो) के साथ तृतीया होती है। जैसे—दुर्जनेन पुत्रेण किम्, किं कार्यम्, कः अर्थः, किं प्रयोजनम्? (दुर्जन पुत्र से क्या लाभ या क्या प्रयोजन?)।

अभ्यास ८

१. उदाहरण-वाक्य—१. उसे पढ़ना चाहिए (वह पढ़े)—सः पठेत्। २. तुझे भोजन खाना चाहिए—त्वं भोजनं खादेः। ३. मुझे जाना चाहिए—अहं गच्छेयम्। ४. त्वं दुर्जनेन सह न तिष्ठेः। ५. स दण्डेन क्रीडेत्। ६. यतिना सह कविः तिष्ठति। ७. दुर्जनेन कोऽर्थः, किं कार्यम्, किं प्रयोजनम्। ८. रवि दीव्यति। ९. बालिका नृत्यति। १०. गृहं नश्यति। ११. छात्रः भ्राम्यति।

२. संस्कृत बनाओ—(क) १. उसे पढ़ना चाहिए। २. उसे हँसना चाहिए। ३. उसे यहाँ आना चाहिए। ४. उसे वहाँ नहीं जाना चाहिए। ५. उसे गेंद खेलना चाहिए। ६. उसे पिता के साथ घूमना चाहिए। ७. कन्या को नाचना चाहिए। (ख) ८. मुझे पत्र लिखना चाहिए। ९. तुझे भोजन खाना चाहिए। १०. तुझे जल पीना चाहिए। ११. तू मुनि को देख। १२. तू हरि के साथ खेल। (ग) १३. मैं प्रश्न पूछूँ। १४. मैं पत्र लिखूँ। १५. मुझे पुस्तक पढ़नी चाहिए। १६. मैं फल चाहूँ। १७. मैं बन्दर के साथ खेलूँ। १८. मैं सूर्य को देखूँ। (घ) १९. सूर्य चमका। २०. बालिका नाची। २१. गाँव नष्ट हुआ। २२. गुरु शिष्य के साथ घूमता है। २३. दुर्जन शिष्य से क्या लाभ ? २४. राजा सेनापति के साथ यहाँ आया। २५. पहाड़ पर बन्दर खेल रहे हैं।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) स जनकस्य सह भ्राम्येत्।	स जनकेन सह भ्राम्येत्।	१५
(२) दुर्जनात् शिष्यात् कोऽर्थः ?	दुर्जनेन शिष्येण कोऽर्थः।	१६
(३) ० सेनापते सह० ।	० सेनापतिना सह० ।	१५

४. अभ्यास—(क) २ (क), (ख), (ग) को बहुवचन में बदलो। (ख) २ (क), (ख), (ग) को लोट् और लङ् में बदलो। (ग) इन शब्दों के पूरे रूप लिखो—हरि, मुनि, कवि, कपि, भूपति। (घ) इन धातुओं के विधिलिङ् के रूप लिखो—भू, पठ्, लिख्, गम्, दृश्, स्था, पा, दिव्, नृत्, नश्।

५. वाक्य बनाओः—कन्दुकेन, सह, सार्धम्, कोऽर्थः, पठेत, खादेयम्।

६. रिक्त स्थान भरोः—(विधिलिङ्) १. स पुस्तकं (पठ्)। २. त्वं पत्रं (लिख्)। ३. त्वं जनकेन सह (गम्)। ४. त्वं रविं (दृश्)। ५. कपिः (नृत्)।

शब्दकोश १६० + २० = १८०] अभ्यास ९ (व्याकरण)

(क) गुरुः (गुरु), शिशुः (बालक), भानुः (सूर्य), इन्दुः (चन्द्रमा), शत्रुः (शत्रु), पशुः (पशु), तरुः (वृक्ष), साधुः (सज्जन, सरल, चतुर), वायुः (हवा)। काणः (काणा), कर्णः (कान), बधिरः (बहिरा), विवादः (विवाद)। नेत्रम् (आँख), सुखम् (सुख), दुःखम् (दुःख), हसितम् (हँसना)। (१७)। (ख) वस् (रहना), जीव् (जीना)। (२) (ग) अलम् (बस) (१)।

सूचना—(क) गुरु—वायु, गुरुवत्। (ख) वस्—जीव्, भवतिवत्।

व्याकरण (गुरु, लृट्, तृतीया)

१. गुरु शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द संख्या ३)। संक्षिप्त रूप लगाकर शिशु आदि के रूप बनाओ। नियम १० इन शब्दों में लगेगा—गुरु, शत्रु, तरु। जैसे—गुरुणा, गुरुणाम्। शत्रुणा, शत्रूणाम्।

भू-लृट् (भविष्यत्)				संक्षिप्त रूप		
भविष्यति	भविष्यतः	भविष्यन्ति	प्र० पु०	(इ) स्यति	(इ) स्यतः	(इ) स्यन्ति
भविष्यसि	भविष्यथः	भविष्यथ	म० पु०	(इ) स्यसि	(इ) स्यथः	(इ) स्यथ
भविष्यामि	भविष्यावः	भविष्यामः	उ० पु०	(इ) स्यामि	(इ) स्यावः	(इ) स्यामः

※सूचना—(क) इन पूर्वोक्त धातुओं में 'इष्यति' आदि लगाकर रूप बनावें—भू, पठ्, गम्, रक्ष्, वद्, आगम्, कृ, खाद्, क्रीड्, पत्, स्मृ, हृ, इष्, लिख्, चुर्, चिन्त्, कथ्, भक्ष्, रच्, दिव्, नृत्, नश्, भ्रम्। जैसे—पठिष्यति, गमिष्यति।

(ख) इनमें 'स्यति' आदि लगावें:—पच्, नम्, दृश्, स्था, पा, घ्रा, सद्, जि, नी, तुद्, स्पृश्, प्रच्छ्, विश्, वस्। जैसे, स्थास्यति, पास्यति।

इन धातुओं के क्रमशः लृट् के रूप उदाहरण-वाक्यों में देखो।

※ नियम १७—अलम् (बस, मत) के साथ तृतीया होती है। जैसे—झगड़ा मत करो—अलं विवादेन। मत हँसो—अलं हसितेन।

※ नियम १८—(येनाङ्गविकारः) शरीर के जिस अंग में विकार से विकृति दिखाई पड़े, उसमें तृतीया होती है। जैसे—नेत्रेण काणः (एक आँख से काणा)।

※ नियम १९—प्रकृति आदि क्रियाविशेषण शब्दों में तृतीया होती है। जैसे—स्वभाव से सरल = प्रकृत्या साधुः। सुखेन जीवति। दुःखेन जीवति।

अभ्यास ९

१. उदाहरण वाक्य :—१. वह पढ़ेगा—स पठिष्यति। २, तू पढ़ेगा—त्वं पठिष्यसि। ३. मैं पढ़ूंगा—अहं पठिष्यामि। ४. स गृहं गमिष्यति, हसिष्यति, बालकं रक्षिष्यति वदिष्यति, अत्र आगमिष्यति, कार्यं करिष्यति, भोजनं खादिष्यति, क्रीडिष्यति, पतिष्यति, स्मरिष्यति, हरिष्यति, एषिष्यति, लेखिष्यति, चोरयिष्यति, चिन्तयिष्यति, कथयिष्यति, भक्षयिष्यति, रचयिष्यति, देविष्यति, नर्तिष्यति, नशिष्यति, भ्रमिष्यति च। ५. स भोजनं भक्ष्यति, गुरुं नस्यति, पुत्रं द्रक्ष्यति, स्थास्यति, जलं पास्यति, पुष्पं घ्रास्यति, सत्स्यति, शत्रुं जेष्यति, पुस्तकं नेष्यति, दुर्जनं तोत्स्यति, पुष्पं स्प्रक्ष्यति, प्रश्नं प्रक्ष्यति, गृहं प्रवेक्ष्यति, अत्र वत्स्यति च।

२. संस्कृत बनाओ :—(क) १. वह पुस्तक पढ़ेगा। २. वह गाँव जायेगा। ३. वह हँसेगा। ४. वह बालक की रक्षा करेगा। ५. वह बोलेगा। ६. वह घर जायेगा। ७. वह काम करेगा। ८. वह फल खायेगा। ९. वह खेलेगा। १०. पत्ता गिरेगा। (ख) ११. तू ईश्वर को स्मरण करेगा। १२. तू धन नहीं हरेगा। १३. तू चाहेगा। १४. तू पत्र लिखेगा। १५. तू धन नहीं चुरायेगा। १६. तू सोचेगा। १७. तू कथा कहेगा। १८. तू फल खायेगा। १९. तू पुस्तक बनायेगा। २०. तू नाचेगा। (ग) २१. मैं भ्रमण करूँगा। २२. मैं भोजन पकाऊँगा। २३. मैं पिता को नमस्कार करूँगा। २४. मैं चन्द्रमा को देखूंगा। २५. मैं यहाँ रुकूंगा। २६. मैं जल पीऊँगा। २७. मैं शत्रु को जीतूँगा। (घ) २८. विवाद मत करो। २९. मत हँसो। ३०. वह आँख से काणा है। ३१. वह कान से बहरा है। ३२. वह स्वभाव से सरल है। ३३. वह सुख से रहता है। ३४. वह दुःख से रहता है।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) अलं विवादस्य।	अलं विवादेन।	१७
(२) कर्णस्य बधिरः।	कर्णेन बधिरः।	१८

४. अभ्यास—(क) २ (क), (ख), (ग) को बहुवचन में बदलो। (ख) इन शब्दों के रूप लिखो—गुरु, शिशु, भानु, शत्रु, वायु। (ग) इनके लृट् के रूप लिखो—भू, पठ्, गम्, वद्, कृ, खाद्, हृ, लिख्, दृश्, स्था, पा, जि।

शब्दकोश १८०+२०=२००] अभ्यास १०　(व्याकरण)

(क) सर्व (सव), तत् (वह), यत् (जो), एतत् (यह), किम् (कौन) (सर्वनाम)। ब्राह्मणः (ब्राह्मण), क्षत्रियः (क्षात्रय), वैश्यः (वैश्य), शूद्रः (शूद्र), वर्णः (वर्ण), पाठः (पाठ); लेखः (लेख). मोदकम् (लड्डू); दुग्धम् (दूध)। (१४)। (ख) अस् (होना); दा (यच्छ्), (देना), धाव् (दौड़ना), चल् (चलना), रुच् (अच्छा लगना)। (४) (ग) नमः (नमस्कार), स्वस्ति (आशीर्वाद)। (२)

व्याकरण (सर्वनाम पुंलिंग, अस् धातु, चतुर्थी)

सूचना—(क) सर्व—किम्, सर्ववत्। (ख) यच्छ्—चल्, भवतित्।

१. सर्व शब्द के पुंलिंग के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द संख्या ३४ क)।

सूचना तत्, यत्, एतत् और किम् के रूप पुंलिंग में सर्व के तुल्य चलते हैं। इनका क्रमशः त, य, एत और क रूप रहता है, इनके ही रूप चलेंगे। तत् और एतत् का प्रथमा एकवचन में क्रमशः सः, एषः रूप बनता है। जैसे—सः तौ ते। यः यौ ये। एषः एतौ एते। कः कौ के इत्यादि।

२. अस् धातु के लट्, लोट्, लङ् के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० २३)।

३. दा (यच्छ्) के रूप भवति के तुल्य चलेंगे, परन्तु लृट् में दास्यति होगा। जैसे—यच्छति, यच्छतु आदि। रुच् का लट् में रोचते रूप होता है।

***नियम २०**—सर्वनाम और विशेषण शब्दों का वही लिंग, विभक्ति और वचन होता है, जो विशेष्य का होता है। जैसे—सः बालकः, तं बालकम्, तेन बालकेन। कः मनुष्यः, यः मनुष्यः, एषः मनुष्यः। तस्य नरस्य। तस्मिन् वृक्षे।

***नियम २१**—संप्रदान कारक (दान, देना आदि) में चतुर्थी होती है। जैसे—ब्राह्मणाय धनं यच्छति ददाति वा। बालकाय पुस्तकं ददाति।

***नियम २२**—नमः और स्वस्ति के साथ चतुर्थी होती है। जैसे—गुरवे नमः। जनकाय नमः। पुत्राय स्वस्ति। शिष्याय स्वस्ति।

***नियम २३**—रुच् (अच्छा लगना) अर्थ की धातुओं के साथ चतुर्थी होती है। जैसे—शिष्याय मोदकं रोचते। पुत्राय दुग्धं रोचते।

अभ्यास १०

१. उदाहरण-वाक्यः—१. वह किस ब्राह्मण को धन देता है—स कस्मै ब्राह्मणाय धनं यच्छति। २. स तस्मै ब्राह्मणाय धनं ददाति। ३. गुरु को नमस्कार—गुरवे नमः। ४. पुत्र को आशीर्वाद—पुत्राय स्वस्ति। ५. पुत्र को फल अच्छा लगता है—पुत्राय फलं रोचते। ६. सर्वे छात्राः अत्र सन्ति। ७. ये छात्राः अत्र सन्ति, ते सर्वे धावन्तु। ८. एषः बालकः चलति। ९. चत्वारः वर्णाः सन्ति। १०. सः अस्तु, त्वम् एधि, अहम् असानि च। ११. सः अत्र आसीत् त्वम् आसीः, अहं च आसम्।

२. संस्कृत बनाओ—(क) १. वह आदमी इस ब्राह्मण को धन देता है। २. वह सज्जन उस बालक को पुस्तक देता है। ३. वह पिता पुत्र को लड्डू देता है। ४. वह गुरु किस शिष्य को फल देता है? ५. वह गुरु इस शिष्य को फल देता है। ६. उस गुरु को नमस्कार। ७. इस शिष्य को आशीर्वाद। ८. किस बालक को फल अच्छा लगता है? ९. पुत्र को लड्डू अच्छा लगता है। १०. गुरु सारे शिष्यों को फल देता है। (ख) ११. चार वर्ण हैं—ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। १२. वह बालक पाठ पढ़ता है। १३. वह शिष्य लेख लिखता है। १४. वह शिशु चलता है। १५. यह क्षत्रिय दौड़ता है। (ग) १६. वह है। १७. तू है। १८. मैं यहाँ हूँ। १९. वह वहाँ होवे। २०. तू यहाँ हो। २१. मैं यहीं होऊँ। २२. वह यहाँ था। २३. तू कहाँ था? २४. मैं यहाँ ही था।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) एतं ब्राह्मणं धनं ददाति।	एतस्मै ब्राह्मणाय०।	२०, २१
(२) कं बालकं फलं रोचते।	कस्मै बालकाय०।	२०,२३
(३) गुरुं नमः। शिष्यं स्वस्ति।	गुरवे नमः। शिष्याय०।	२२

४. अभ्यास—(क) २ (क) को बहुवचन में बदलो। (ख) २ (ग) को बहुवचन बनाओ। (ग) सर्व, तत्, यत्, एतत् और किम् के पुंलिग के रूप लिखो। (घ) अस् धातु के लट्, लोट् और लङ् के पूरे रूप लिखो।

५. वाक्य बनाओ :— यच्छति, ददाति, रोचते, नमः, स्वस्ति, आसीत्।

६. रिक्त स्थान भरो :—१. सः······फलं यच्छति। २. स पुत्राय······। ३.······नमः। ४.···स्वस्ति। ५. आसीत्। ६.···दुग्धं रोचते।

शब्दकोश २०० + २० = २२०] **अभ्यास ११** (व्याकरण

(क) मूर्खः (मूर्ख), चोरः (चोर), मोक्षः (मोक्ष), स्नानम् (स्नान, पठनम् (पढ़ना), भक्षणम् (खाना)।(६)। (ख) क्रुध् (क्रोध करना), कुप् (क्रोध करना), द्रुह् (द्रोह करना), ईर्ष्य् (ईर्ष्या करना), असूय (दोष निकालना), निवेदि (निवेदन करना), उपदिश् (उपदेश देना), क्रन्द् (रोना) (८) (ग) अर्थम् (लिए), कृते (लिए)। (२)। (घ) सुन्दरम् (सुन्दर), शोभनम् (अच्छा), समीचीनम् (अच्छा), मधुरम् (मीठा)। (४)।

सूचना—(क) मूर्ख—मोक्ष, रामवत्। स्नान—भक्षण, गृहवत्।

व्याकरण (सर्वनाम नपुंसक, अस् धातु, चतुर्थी)

१. सर्व शब्द के नपुंसक लिंग के पूरे रूप स्मरण करो (देखो शब्द० ३४ख) तत, यत्, एतत्, और किम् के रूप नपुंसक लिंग में सर्व के तुल्य चलेंगे। इन सबके रूप तृतीया से सप्तमी एक पुंलिंगवत् चलेंगे। प्रथमा और द्वितीया में अम्, ए, आनि लगेगा। तत् आदि के प्रथमा और द्वितीया एकवचन में तत्, यत्, किम् रूप ही रहेंगे।

२. अस् धातु के विधिलिङ् और लृट् के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० २३)। अस् को लृट् में भू होता है। अतः भविष्यति आदि रूप बनेंगे।

३. क्रुध् आदि के ये रूप बनाकर भू के तुल्य रूप चलेंगे—क्रुध्यति, कुप्यति, द्रुह्यति, ईर्ष्यति, असूयति, निवेदयति, उपदिशति, क्रन्दति।

❀ **नियम २४**—(क्रुधद्रुहेर्ष्या०) क्रुध्, द्रुह्, ईर्ष्य्, असूय अर्थ की धातुओं के साथ जिस पर क्रोध किया जाय, उसमें चतुर्थी होती है। रामः मूर्खाय (राम मूर्ख पर) क्रुध्यति, कुप्यति, द्रुह्यति, ईर्ष्यति, असूयति।

❀ **नियम २५**—कथ्, निवेदय, उपदिश् धातुओं के साथ चतुर्थी होती है। जैसे—शिष्याय (शिष्य को) कथयति, निवेदयति, उपदिशति। शिष्यम् उपदिशति वा।

❀ **नियम २६**—जिस प्रयोजन के लिए जो वस्तु या क्रिया होती है, उसमें चतुर्थी होती है। मोक्षाय हरिं नमति। शिशुः दुग्धाय क्रन्दति।

❀ **नियम २७**—चतुर्थी के अर्थ में अर्थम् और कृते अव्ययों का प्रयोग होता है। अर्थम् समास होकर शब्द के साथ मिल जाता है। कृते के साथ षष्ठी होती है। जैसे—पठनार्थम्, स्नानार्थम्। भोजनस्य कृते (भोजन के लिए)।

अभ्यास ११

१ उदाहरण-वाक्यः—१. कृष्णःतस्मै दुर्जनाय (उस दुर्जन पर) क्रुध्यति, ्यति, द्रुह्यति, ईर्ष्यति असूयति वा । २. शिष्यः तस्मै गुरवे कथयति । ३. पुत्रः तकाय निवेदयति । ४. गुरुः शिष्याय शिष्यं वा उपदिशति । ५. ज्ञानाय गुरुं ाति । ६. स स्नानार्थं गच्छति । ७. त्वं भोजनस्य कृते अत्र आगच्छ । ८. ् फलं, तानि पुस्तकानि च अत्र सन्ति । ९. तानि पुष्पाणि सुन्दराणि शोभ- नि च सन्ति । १०. स अत्र स्यात्, त्वं स्याः, अहं च स्याम् ।

२ संस्कृत बनाओः—(क) १. राम चोर पर क्रोध करता है। २. चोर ज्जन से द्रोह करता है। ३. मूर्ख विद्वान् से ईर्ष्या करता है। ४. दुर्जन सज्जन दोष निकालता है। ५. सेनापति उस राजा से कहता है। ६. बालक उस गुरु निवेदन करता है। ७. मुनि बालक को उपदेश देता है। ८. वह मोक्ष के लिए द्या पढ़ता है। ९. वह नहाने के लिए वहाँ जाता है। १०. वह पढ़ने के लिए द्यालय जाता है। ११. वह खाने के लिए फल चाहता है। १२. बालक दूध के ए रोता है। (ख) १३. वे पुस्तकें सुन्दर हैं। १४. वे फल मधुर हैं। १५. फूल अच्छे हैं। १६. वह कार्य अच्छा है। १७. जो कार्य अच्छा है, वह करो कुरु)। १८. कौन से फल मीठे हैं ? (ग) १९. वह घर पर होवे। २०. तू हाँ होना। २१. मैं यहाँ होऊँ। २२. वह वहाँ होगा। २३. तू कहाँ होगा ? ४. मैं यहाँ होऊँगा।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) चोरः सज्जनात् द्रुह्यति ।	चोरः सज्जनाय द्रुह्यति ।	२४
(२) त नृपं कथयति ।	तस्मै नृपाय कथयति ।	२५,२०
(३) ते पुस्तकानि सुन्दराः० ।	तानि पुस्तकानि सुन्दराणि ।	२०

४ अभ्यास—(क) २ (ग) को बहुवचन में बदलो। (ख) अस् धातु के धिलिङ् और लृट् के रूप लिखो। (ग) सर्व, तत्, यत्, एतत् और किम् के पुंसक लिंग के रूप लिखो।

५. वाक्य बनाओ—क्रुध्यति, द्रुह्यति, कथयति, अर्थम्, कृते, स्याम् ।

६. रिक्त स्थान भरो—१. हरिः ·······क्रुध्यति । २. मूर्खः·······असूयति । . स···कथयति । ४. भोजनस्य कृते···। ५. तानि फलानि····सन्ति ।

शब्दकोश २२० + २० = २४०] **अभ्यास १२** (व्याकरण)

(क) वृक्षः (वृक्ष), अश्वः (घोड़ा), प्रासादः (महल), यवः (जौ), क्षेत्रपालकः (खेत का रक्षक)। क्षेत्रम् (खेत)। (६)। (ख) भी (डरना), त्रै (रक्षा करना), आनी (लाना), वृ (हटाना), अधि + इ (पढ़ना)। (५)। (ग) अतः (इसलिए), अथवा (अथवा), वा (अथवा), यदि (यदि), सर्वत्र (सब जगह), सदा (सदा), सर्वदा (सदा), अन्यत्र (और जगह), अवश्यम् (अवश्य)। (९)।

सूचना—(क) वृक्ष—क्षेत्रपालक, रामवत्।

व्याकरण (सर्वनाम स्त्रीलिंग, कृ धातु, पंचमी)

१. सर्व शब्द के स्त्रीलिंग के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ३४ ग)। तत्, यत्, एतत् और किम् के रूप स्त्रीलिंग में सर्वा के तुल्य चलेंगे। इनके क्रमशः ता, या, एता और का शब्द बनते हैं, इनके ही रूप चलेंगे। ता और एता के प्रथमा एकवचन में सा और एषा रूप होते हैं। शेष सर्वावत्।

२. कृ धातु के लट्, लोट् और लङ् के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ३६)।

३. भी आदि के क्रमशः ये रूप बनते हैं—बिभेति, त्रायते, आनयति (भवतिवत्), वारयति, अधीते।

❀ **नियम २८**—अपादान कारक में पंचमी होती है। जैसे—पेड़ से पत्ता गिरता है—वृक्षात् पत्रं पतति। अश्वात् मनुष्यः पतति।

❀ **नियम २९**—(**भीत्रार्थानां भयहेतुः**) भय और रक्षा अर्थ की धातुओं के साथ भय के कारण में पंचमी होती है। जैसे—चोराद् बिभेति। चोरात् त्रायते।

❀ **नियम ३०**—जिससे विद्या पढ़ी जाये, उसमें पंचमी होती है। जैसे—गुरोः पठति। उपाध्यायात् अधीते।

❀ **नियम ३१**—जिस वस्तु से किसी को हटाया जाय, उसमें पंचमी होती है। क्षेत्रपालकः यवेभ्यः पशुं वारयति निवारयति वा।

अभ्यास १२

१. उदाहरण वाक्य :—१. प्रासादात् बालकः पतति । २. तस्याः लतायाः एतत् पुष्पं पतति । ३. बालकः दुर्जनात् बिभेति । ४. सज्जनः तां बालिकां चोरात् त्रायते । ५. क्षेत्रपालकः क्षेत्रात् पशुं वारयति । ६. एतां लतां पश्य । ७. कां कन्यां पश्यसि ? ८. तस्यै बालिकायै फलं यच्छ । ९. सः कार्यं करोतु, त्वं कुरु, अहं च करवाणि । १०. सः कार्यम् अकरोत्, त्वम् अकरोः, अहं च अकरवम् ।

२. संस्कृत बनाओः—(क) १. वृक्ष से पत्ते गिरते हैं । २. घोड़े से बालक गिरा । ३. गाँव से बालक आता है । ४. वह बालिका घर से पुस्तक लाती है। ५. शिष्य गुरु से डरता है । ६. राजा बालक को चोर से बचाता है । ७. वह बालक गुरु से पढ़ता है । ८. वह शिष्य मुनि से विद्या पढ़ता है । ९. क्षेत्रपाल खेत से पशु को हटाता है। १०. महल से पुत्र गिरा । (ख) ११. उस लता को देखो । १२. इस कन्या को फल दो । १३. इस लता से यह फूल गिरा । १४. सारी कथा कहो । १५. किस कन्या को पूछते हो ? (ग) १६. वह बालक काम करता है । १७. तू भोजन करता है । १८. मैं स्नान करता हूँ । १९. वह काम करे । २०. तू भी सदा काम करे । २१. मैं अवश्य काम करूँ । २२. उसने अन्यत्र काम किया । २३. तूने काम किया । २४. मैंने काम किया ।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) अश्वेन बालकः अपतत् ।	अश्वात् बालकः अपतत् ।	२८
(२) सः गुरुणा पठति ।	स गुरोः पठति ।	३०
(३) तं कन्या फलं यच्छ ।	तस्यै कन्यायै फलं यच्छ ।	२०, २१

४. अभ्यास—(क) २ (ग) को बहुवचन में बदलो । (ख) कृ धातु के लट्, लोट् और लङ् के पूरे रूप लिखो । (ग) सर्व, तत्, यत्, एतत् और किम् के स्त्रीलिंग के रूप लिखो ।

५. वाक्य बनाओः—पतति, बिभेति, त्रायते, वारयति, अधीते, अन्यत्र ।

६ रिक्त स्थान भरो :—१. वृक्षात् पत्रं····। २. बालक····बिभेति । ३. चोरात्····। ४. यवेभ्यः पशुं····। ५. तस्याः कन्यायाः पुस्तकम्····।

शब्दकोश २४०+२०=२६०] अभ्यास १३ (व्याकरण)

(क) युष्मद् (तू) (सर्वनाम)। अङ्कुरः (अंकुर), प्रजा (प्रजा), बीजम् (बीज)। (४)। (ख) उद्भू (निकलना), प्रभू (१. उत्पन्न होना, २. समर्थ होना), जन् (उत्पन्न होना), नि+ली (छिपना)। (४)। अति (अधिक), इव (तुल्य), चेत् (यदि), नोचेत् (नहीं तो)। (४)। (घ) पटुः (चतुर), पटुतरः (उससे चतुर), गुरुः (१. भारी, २. श्रेष्ठ), गुरुतरः (उससे भारी या अच्छा), दूरम् (दूर), समीपम् (पास), पार्श्वम् (समीप), निकटम् (समीप)। (८)।

व्याकरण (युष्मद्, कृ धातु, पंचमी)

१. युष्मद् शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ३९)।

२. कृ धातु के विधिलिङ् और लृट् के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ३६

३. उद्भू आदि धातुओं के क्रमशः ये रूप होते हैं:—उद्भवति (भवतिवत् प्रभवति (भवतिवत्) जायते, निलीयते।

*नियम ३२—उद्भवति, प्रभवति, उद्गच्छति, जायते (ये जब उत्प होना या निकलना अर्थ में हों), निलीयते के साथ पंचमी होती है। जैसे प्रजापति से संसार उत्पन्न होता है—प्रजापतेः लोकः जायते, उद्भव वा। हिमालयात् गङ्गा उद्भवति, प्रभवति, उद्गच्छति वा। भार्याय पुत्रः जायते। बीजेभ्यः अङ्कुराः जायन्ते। नृपात् चोरः निलीयते।

*नियम ३३—तुलना में जिससे तुलना की जाती है, उसमें पंचमी होती है जैसे—राम से कृष्ण अधिक चतुर है—रामात् कृष्णः पटुतरः। धन ज्ञान अधिक अच्छा है—धनात् ज्ञानं गुरुतरम्। दुर्जनात् सज्जनः गुरुतरः असत्यात् सत्यं गुरुतरम्।

नियम ३४—दूर और समीपवाची शब्दों में पंचमी, द्वितीया और तृतीया तीन विभक्तियाँ होती हैं। जैसे—गाँव से दूर—ग्रामाद् दूरम्। जनकस्य समीपम समीपात्, समीपेन वा। पिता के पास से आयी हूँ—जनकस्य समीपा पार्श्वात्, निकटात् वा आगच्छामि।

अभ्यास १३

१. उदाहरण-वाक्यः—१. बीजेभ्यः अङ्कुराः जायन्ते। २. रमायाः उमा पटुतरा। ३. अहं दूरात् आगच्छामि। ४. रामः कृष्ण इव अति पटुः गुरुः च अस्ति। ५. तुम पढ़ते हो तो पढ़ो, नहीं तो यहाँ से हट जाओ—त्वं पठसि चेत् पठ, नो चेत् इतः दूरं गच्छ। ६. त्वं पठसि, यूयं पठथ। ७. त्वां पश्यामि, युष्मान् वदामि। ८. त्वया सह कः एषः अस्ति? ९. तुभ्यं युष्मभ्यं वा किं रोचते? १०. तव गृहं कुत्र अस्ति? ११. सः एतत् कार्यं कुर्यात्, त्वं कुर्याः, अहं च कुर्याम्। १२. स भोजनं करिष्यति।

२. संस्कृत बनाओः—(क) १. बीजों से अंकुर उत्पन्न होते हैं। २. प्रजापति से प्रजा उत्पन्न होती है। ३. हिमालय से गंगा निकलती है। ४. सेनापति से चोर छिपता है। ५. देवदत्त से यज्ञदत्त अधिक चतुर है। ६. धन से विद्या अधिक अच्छी है। ७. मैं गुरु के पास से यहाँ आ रहा हूँ। ८. वह बहुत दूर से आ रहा है। ९. देवदत्त कृष्ण की तरह बहुत चतुर और श्रेष्ठ है। १०. तुम पत्र लिखते हो तो लिखो, नहीं तो यहाँ से हटो। (ख) ११. तू यहाँ आया। १२. मैं तुझको देखता हूँ। १३. तेरे साथ वहाँ कौन है? १४. तुझे फल अच्छा लगता है या लड्डू? १५. तेरी पुस्तक कहाँ है? (ग) १६. वह काम करे। १७. तू काम कर। १८. मैं भोजन करूँ। १९. वह काम करेगा। २०. तू भोजन करेगा। २१. मैं स्नान करूँगा।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) सेनापतिना चोरः निलीयते।	सेनापतेः चोरः०।	३२
(२) धनेन विद्या गुरुः।	धनात् विद्या गुरुतरा।	३३,२०
(३) करेत्, करेः, करेयम्।	कुर्यात्, कुर्याः, कुर्याम्।	धातुरूप

४. अभ्यास—(क) २ (ख) को द्विवचन और बहुवचन में बदलो। (ख) २ (ग) को बहुवचन में बदलो। (ग) युष्मद् शब्द के पूरे रूप लिखो। (घ) कृ धातु के विधिलिङ् और लृट् के रूप लिखो।

५. वाक्य बनाओः—जायते, उद्भवति, उद्गच्छति, निलीयते, त्वया, तुभ्यम्, त्वत्, कुर्यात्, कुर्याः, कुर्याम्, करिष्यति, करिष्यामि।

शब्दकोश २६०+२०=२८०] **अभ्यास १४** (व्याकरण)

(क) अस्मद् (मैं) (सर्वनाम)। छात्रः (विद्यार्थी), अन्नम्, (अन्न), निमित्तम् (कारण), कारणम् (कारण), हेतुः (कारण)। (६)। (ख) स्म (भूतकालबोधक अव्यय), उपरि (ऊपर), अधः (नीचे), नीचैः (नीचे), पुरः (सामने), पश्चात् (पीछे), अग्रे (आगे), अग्रतः (आगे), यावत् (१. जितना, २. जब तक), तावत् (१. उतना, २. तब तक), इयत् (इतना), कियत् (कितना)। (१२)। (ग) श्रेष्ठः (श्रेष्ठ), पटुतमः (सबसे चतुर)। (२)।

व्याकरण (अस्मद्, षष्ठी विभक्ति)

१. अस्मद् शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ४०)।

नियम ३५—धातु के लट् लकारवाले रूप के साथ 'स्म' अव्यय लगाने से भूत-काल अर्थ हो जाता है। जैसे—वह पढ़ता था—स पठति स्म।

***नियम ३६**—सम्बन्धकारक के अर्थ में षष्ठी विभक्ति होती है। जैसे—रामस्य पुस्तकम्। कृष्णस्य गृहम्। गङ्गायाः जलम्। वृक्षस्य पत्रम्।

नियम ३७—हेतु शब्द के साथ षष्ठी होती है। जैसे—अध्ययन के हेतु रहता है—अध्ययनस्य हेतोः वसति। धनस्य हेतोः पठति।

नियम ३८—निमित्त अर्थवाले शब्दों (निमित्त, हेतु, कारण, प्रयोजन) के साथ प्रायः सभी विभक्तियाँ होती हैं। जैसे—वह किसलिए पढ़ता है—स किं निमित्तं पठति, केन निमित्तेन, कस्मै निमित्ताय, कस्य हेतोः कस्मात् कारणात् केन प्रयोजनेन वा।

***नियम ३९**—स्मरण अर्थ की धातुओं के साथ (खेदपूर्वक स्मरण में) कर्म में षष्ठी होती है। जैसे—मातुः स्मरति (माता को खेदपूर्वक स्मरण करता है)।

नियम ४०—बहुतों में से एक को छाँटने के अर्थ में, जिससे छाँटा जाय, उसमें षष्ठी और सप्तमी दोनों होती हैं। छात्रों में राम श्रेष्ठ है—छात्राणां छात्रेषु वा रामः श्रेष्ठः। बालकानां बालकेषु वा कृष्णः पटुतमः।

नियम ४१—उपरि, अधः, नीचैः, पुरः, पश्चात्, अग्रे, अग्रतः के साथ षष्ठी होती है। जैसे—गृहस्य उपरि, अधः, पुरः, पश्चात् अग्रे वा।

अभ्यास १४

१. उदाहरण-वाक्यः—१. यह राम का घर है—एतत् रामस्य गृहम् अस्ति। २. भोजनस्य हेतोः आगच्छ। ३. कस्मात् कारणात् हससि? ४. बालकः जनकस्य स्मरति। ५. शिष्याणां रामः श्रेष्ठः पटुतमः च अस्ति। ६. गृहस्य उपरि, पुरः, पश्चात् च के सन्ति? ७. अहं पठामि। ८. मां पश्य। ९. मया सह रामः अस्ति! १०. मह्यं मोदकं रोचते। ११. मम एतत् पुस्तकम् अस्ति। १२. मयि क्षमा सत्यं च स्तः। १३. यावत् इच्छसि तावत् भक्षय। १४. यावत् गुरुः अत्र अस्ति, तावत् अत्र एव तिष्ठ।

२. संस्कृत बनाओः—(क) १. यह राम की पुस्तक है। २. यह सुशीला का घर है। ३. गंगा का जल मधुर है। ४. वृक्ष के पत्ते लाओ। ५. मैं यहाँ अध्ययन के हेतु रहता हूँ। ६. धन के हेतु विद्या पढ़ो। ७. किसलिए विद्यालय जाते हो? ८. किस कारण तुम पाठशाला नहीं आये? ९. बालक माता को स्मरण करता है। १०. छात्रों में कृष्ण श्रेष्ठ और सबसे चतुर है। ११. कवियों में तुलसीदास श्रेष्ठ हैं। १२. घर के ऊपर, सामने और पीछे बालक हैं। १३. जितना चाहो उतना पढ़ो। १४. जब तक गुरु नहीं कहते हैं, तब तक यहाँ से न जाओ। १५. तुम कितना धन चाहते हो? १६. मैं इतना धन चाहता हूँ। (ख) १७. मुझको देखो। १८. मेरे साथ रमा यहाँ आयी। १९. मुझको फल अच्छे लगते हैं। २०. मेरा घर यह है। २१. मुझमें सत्य और विद्या हैं।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) अध्ययनेन हेतुना वसामि।	अध्ययनस्य हेतोः०।	३७
(२) मातरं स्मरति।	मातुः स्मरति।	३९
(३) कविभ्यः कालिदासः श्रेष्ठतमः।	कवीनां कालिदासः श्रेष्ठः।	४०

४. अभ्यास—(क) २ (ख) को द्विवचन और बहुवचन में बदलो। (ख) अस्मद् शब्द के पूरे रूप लिखो।

५. वाक्य बनाओः—अस्मान्, अस्मभ्यम्, अस्मत्, अस्माकम्, अस्मासु, हेतोः, श्रेष्ठः, पटुतमः, यावत्, कियत्, इयत्।

शब्दकोश २८० + २० = ३००] **अभ्यास १५** (व्याकरण)

(क) कर्तृ (करनेवाला), हर्तृ (हरनेवाला), धर्तृ (धर्ता), श्रोतृ (श्रोता), वक्तृ (वक्ता), गन्तृ (जानेवाला), द्रष्टृ (देखनेवाला), नेतृ (नेता), दातृ (दाता) भोक्तृ (खानेवाला)। गमनम् (जाना), शयनम् (सोना), दानम् (देना), भाषणम् (भाषण, बोलना), भद्रम् (कुशल), कुशलम् (कुशल)। (१६)। (ग) समक्षम् (सामने), मध्ये (बीच में), अन्तः (अन्दर), अन्तरे (अन्दर)। (४)

सूचना—(क) कर्तृ—भोक्तृ, कर्तृवत्। गमन—भाषण, गृहवत्।

व्याकरण (कर्तृ, षष्ठी विभक्ति)

१. कर्तृ शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ४)। हर्तृ आदि के रूप कर्तृ के तुल्य चलेंगे।

***नियम ४२**—कृत् प्रत्यय (धातु के अन्त में तृ, ति, अ, अन आदि) लगाकर बने हुए शब्दों के कर्ता और कर्म में षष्ठी होती है। जैसे—बालक का जाना—बालकस्य गमनम्। इसी प्रकार बालकस्य शयनम्। धनस्य दानम्। पुस्तकस्य पठनम्। कार्यस्य कर्ता। धनस्य हर्ता। भाषणस्य श्रोता। धनस्य दाता। नराणां नेता।

नियम ४३—कृते (लिए), समक्षम्, मध्ये, अन्तः, अन्तरे के साथ षष्ठी होती है। जैसे—भोजन के लिए—भोजनस्य कृते। घर के सामने, मध्य में या अन्दर—गृहस्य समक्षम्, मध्ये, अन्तः वा।

नियम ४४—दूर और समीपवाची शब्दों के साथ षष्ठी और पंचमी दोनों होती हैं। जैसे—गाँव से दूर—ग्रामस्य ग्रामाद् वा दूरम्। पिता के समीप से—जनकस्य समीपात्। गुरोः पार्श्वात्, निकटात् वा।

नियम ४५—आशीर्वादसूचक शब्दों (भद्रम्, कुशलम्, सुखम्, शम् आदि) के साथ षष्ठी और चतुर्थी दोनों होती हैं। जैसे—राम का कुशल हो—रामस्य रामाय वा भद्रम्, कुशलम्, शं भूयात्। (भूयात्—होवे)।

अभ्यास १५

१. उदाहरण-वाक्य :— १. वच्चे का पढ़ना मुझे अच्छा लगता है—शिशोः पठनं मह्यं रोचते । २. वालकस्य गमनम्, धनस्य दानम् । ३. कार्यस्य कर्ता, धनस्य हर्ता, दण्डस्य धर्ता, भाषणस्य श्रोता, सत्यस्य वक्ता, ग्रामं गन्ता, विद्यालयस्य द्रष्टा, नराणां नेता, धनस्य दाता, भोजनस्य भोक्ता च एतस्मिन् नगरे सन्ति । ४. कार्यस्य कर्तारं धनस्य हर्तारं च अत्र आनय । ५. वक्तृभ्यः श्रोतृभ्य नेतृभ्यः च फलानि देहि । ६. दातुः दानं पश्य ।

२ संस्कृत वनाओ :—(क) १. पुत्र का पढ़ना मुझे अच्छा लगता है । २. वालक का जाना देखो । ३. वच्चे का सोना मनोहर है । ४. पुस्तक का पढ़ना हितकर है । ५. धन का देना अच्छा है । ६. पढ़ने के लिए (कृते) यहाँ आओ । ७. मेरे सामने आओ । ८. खेत के वीच में मनुष्य खड़ा है । ९. घर के अन्दर मनुष्य हैं । १०. मैं पिता के समीप से यहाँ आ रहा हूँ । ११. घर से दूर भ्रमण के लिए जाओ । १२. शिष्य का कुशल हो । (ख) १३. कार्य का कर्ता यहाँ है । १४. पुस्तक का हर्ता वहाँ जाता है । १५. सत्य का धर्ता सुख से रहता है । १६. भाषण सुननेवाला हँसता है । १७. सत्य वोलनेवाला सत्य वोलता है । १८. गाँव जानेवाला गाँव जाता है । १९. लता देखनेवाले को देखो । २०. नेता के साथ मनुष्य जा रहे हैं । २१. धन के दाता को ये फूल दो । २२. भोजन खानेवाले को फल और फूल दो ।

अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) पुत्रं पठन मम रोचते ।	पुत्रस्य पठनं मह्यं रोचते ।	४२, २३
(२) जनकं समीपात् आगच्छामि ।	जनकस्य समीपात्० ।	४४
(३) धनं दातारं फलानि यच्छ ।	धनस्य दात्रे फलानि० ।	४२,२१

४. अभ्यास—(क) २ (ख) को वहुवचन में वदलो । (ख) इन शब्दों के पूरे रूप लिखो—कर्तृ, हर्तृ, श्रोतृ, वक्तृ, नेतृ, दातृ ।

वाक्य वनाओ :—गमनम्, पठनम्, शयनम्, दानम्, भाषणम्, कर्तारः, हर्तारम्, धर्तारम्, श्रोत्रा, वक्तृभ्यः, नेतारः, दातुः, समक्षम्, कृते, कुशलम् ।

शब्दकोश ३००+२०=३२०] अभ्यास १६ (व्याकरण

(क) पितृ (पिता), भ्रातृ (भाई), जामातृ (जवाँई, दामाद), धर्म (धर्म), प्रातःकालः (प्रातःकाल), मध्याह्नः (दोपहर), सायंकालः (सायंकाल) दिनम् (दिन), वस्त्रम् (वस्त्र)।(९)। (ख) दह् (जलाना), ज्वल् (जलना) गै (गाना), आ+ह्वे (पुकारना, बुलाना), अभि+लष् (चाहना)। कृत (किया), गतः (गया), आगतः (आया)। (८)। (ग) प्रातः (प्रातःकाल) सायम् (सायंकाल), नक्तम् (रात्रि)। (३)।

सूचना—(क) पितृ—जामातृ, पितृवत्।(ख) दह्—अभिलष्, भवतिवत्

व्याकरण (पितृ. सप्तमी विभक्ति)

१. पितृ शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ५)। भ्रातृ औ जामातृ के रूप पितृ के तुल्य चलेंगे।

२. दह् आदि के रूप भू के तुल्य चलेंगे। दहति, ज्वलति, गायति, आह्वयति, अभिलषति।

⊛**नियम ४६**—अधिकरण कारक में सप्तमी होती है। जैसे—विद्यालय में पढ़ता है—विद्यालये पठति। गृहे वस्त्राणि सन्ति। नगरे मनुष्याः सन्ति। (देखो नियम ४० भी)।

⊛**नियम ४७**—'विषय में, बारे में' अर्थ में तथा समयबोधक शब्दों में सप्तमी होती है। जैसे मोक्ष के बारे में इच्छा है—मोक्षे इच्छा अस्ति। धर्म के विषय में अभिलाषा है—धर्मे अभिलाषः अस्ति। वह प्रातःकाल यहाँ आता है—स प्रातःकाले प्रातः वा अत्र आगच्छति। स मध्याह्ने, सायंकाले सायं वा कार्यं करोति।

सूचना—प्रातः, सायम्, नक्तम् के रूप नहीं चलते हैं, ये अव्यय हैं। प्रातःकाल, सायंकाल आदि के रूप चलते हैं।

⊛**नियम ४८**—एक क्रिया के बाद दूसरी क्रिया होने पर पहली क्रिया में सप्तमी होती है। कर्तृवाच्य में कर्ता और कृदन्त में सप्तमी होगी। कर्मवाच्य में कर्म और कृदन्त में सप्तमी होगी तथा कर्ता में तृतीया। जैसे, राम के वन जाने पर भरत आये—रामे वनं गते भरतः आगतः। मेरे काम कर लेने पर गुरु आये—मया कार्ये कृते गुरुः आगतः। रामे आगते सीता अपि आगता।

अभ्यास १६

१. उदाहरण-वाक्य :—१. गृहे बालकाः सन्ति । २. मम पठने अभिलाषः अस्ति । ३. प्रातःकाले सायंकाले च ईश्वरं नमत । ४. धर्मे अभिलाषं कुरु । ५. अध्ययने कृते भोजनं कुरु । ६. अग्निः गृहं दहति । ७. अग्निः गृहे ज्वलति । ८. शान्तिः गानं गायति । ९. पिता पुत्रम् आह्वयति । १०. शिष्यः विद्याम् अभिलषति । ११. नक्तम् (रात में) अधिकं न पठ ।

२. संस्कृत बनाओ :—(क) १. राम विद्यालय में पढ़ता है । २. इस कक्षा में १० बालक हैं । ३. घर में वस्त्र और पुस्तकें हैं । ४. गाँव में मनुष्य रहते हैं । ५. मेरी धर्म के विषय में इच्छा है । ६. पढ़ाई के विषय में अभिलाषा करो । ७. उसकी मोक्ष के बारे में इच्छा है । ८. प्रातःकाल और सायंकाल गुरु को प्रणाम करो । ९. दिन में पढ़ो । १०. रात्रि में अधिक न पढ़ो और न लिखो । ११. मेरे घर आने पर कृष्ण भी आया । १२. युधिष्ठिर के वन जाने पर अर्जुन भी वन गये । (ख) १३. पिताजी आ रहे हैं । १४. पिता को देखो । १५. पिता के साथ पुत्र भी आया । १६. पिता को भोजन दो । १७. पिता से विद्या पढ़ो । १८. पिता की यह पुस्तक है । १९. भाई को बुलाओ । २०. जँवाई को फल दो । (ग) २१. आग वस्त्रों और वृक्षों को जलाती है । २२. आग जल रही है । २३. बालिका गाना गा रही है । २४. गुरु शिष्य को बुलाता है । २५. वह धर्म को चाहता है ।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) पठनस्य अभिलाषं कुरु ।	पठने अभिलाषं कुरु ।	४७
(२) मम गृहे आगते० ।	मयि गृहम् आगते० ।	४८, १३
(३) पितुः सह पुत्रः आगतः ।	पित्रा सह पुत्रः० ।	१५

४. अभ्यास—(क) २ (ग) को लोट्, लङ् और विधिलिङ् में बदलो । (ख) पितृ और भ्रातृ के पूरे रूप लिखो । (ग) इनके लट्, लोट्, लङ् और विधिलिङ् के पूरे रूप लिखो—दह्, ज्वल्, गै, आ + ह्वे, अभि + लष् ।

५. वाक्य बनाओ:—प्रातःकाले, सायंकाले, नक्तम्, अदहत्, अज्वलत्, अगायत्, आह्वयत्, अभ्यलषत्, कृते, गते, आगते ।

शब्दकोश ३२० + २० = ३४०] **अभ्यास १७** (व्याकरण

(क) भगवत् (भगवान्), भवत् (आप), श्रीमत् (श्रीमान्), बुद्धिमत् (बुद्धिमान्), धनवत् (धनवान्), वलवत् (वलवान्)। स्नेहः (स्नेह), विश्वासः (विश्वास), मृगः (हरिण), वाणः (वाण), श्रद्धा (श्रद्धा)। (११)। (ख) क्षिप् (फेंकना), मुच् (छोड़ना)। (२)। (ग) आसक्तः (१. अनुरक्त, २. लगा हुआ), युक्तः (लगा हुआ), लग्नः (लगा हुआ), तत्परः (लगा हुआ), कुशलः (चतुर), निपुणः (चतुर), चतुरः (चतुर)। (७)।

सूचना—(क) भगवत्—वलवत्, भगवत् के तुल्य।

व्याकरण (भगवत्, सप्तमी विभक्ति)

१. भगवत् शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ८)। भवत् आदि के रूप भगवत् के तुल्य चलेंगे।

२. क्षिप् और मुच् के रूप लट् में क्षिपति, मुञ्चति हैं। इनके ये रूप बनाकर भवति के तुल्य रूप चलेंगे।

*__नियम—४९__—प्रेम, आसक्ति और आदरसूचक शब्दों और धातुओं के साथ सप्तमी होती है। जैसे—उसका मुझ पर स्नेह है—तस्य मयि स्नेहः अस्ति। तस्य कन्यायां स्नेहः अस्ति। पिता पुत्रे स्नेहं करोति। रामः रमायाम् आसक्तः अस्ति। मम गुरौ आदरः अस्ति।

*__नियम—५०__—संलग्न और चतुर अर्थवाले शब्दों के साथ सप्तमी होती है। जैसे—वह पढ़ाई में संलग्न है—सः पठने लग्नः, युक्तः, तत्परः, आसक्तः वा अस्ति। राम विद्या में निपुण है—रामः, विद्यायां कुशलः, निपुणः, चतुरः, पटुः, दक्षः वा अस्ति।

*__नियम—५१__—फेंकना अर्थ की धातुओं के साथ तथा विश्वास और श्रद्धा अर्थवाली धातुओं और शब्दों के साथ सप्तमी होती है। जैसे—मृग पर वाण फेंकता है—मृगे वाणं क्षिपति, मुञ्चति वा। उसका धर्म पर विश्वास है—तस्य धर्मे विश्वासः श्रद्धा वा अस्ति। स धर्मे विश्वसिति। स मम वचने विश्वसिति।

अभ्यास १७

१. उदाहरण वाक्यः—१, वुद्धिमान् शिष्येषु स्नेहं करोति । २. स धनवान् ्यायाम् आसक्तः अस्ति । ३. अहं कार्ये लग्नः अस्मि । ४. सेनापतिः शत्रौ वाणं ्पति मुञ्चति वा । ५. मम भगवति श्रद्धा विश्वासः च स्तः । ६. भवान् कुतः गच्छति ? ७. श्रीमन्तं बुद्धिमन्तं च नमत । ८. धनवद्भिः वलवद्भिः च सह च ेत् । ९. भवते नमः । १०. एतत् तस्य श्रीमतः गृहम् अस्ति । ११. भगवति श्वासं श्रद्धां च कुरुत । १२. बुद्धिमत्सु विद्या धनवत्सु धनं वलवत्सु वलं च भवन्ति ।

२. संस्कृत वनाओः—(क) १. गुरु शिष्य पर स्नेह करता है । २. कृष्ण ा उस कन्या से स्नेह है । ३. राम रमा पर आसक्त है । ४. उस गुरु का शिष्यों आदर है । ५. वह बुद्धिमान् पढ़ाई में संलग्न है । ६. कृष्ण वेद में निपुण ार चतुर है । ७. मैं खेल में कुशल हूँ । ८. राजा दुर्जन पर वाण फेंकता है । . सेनापति मृग पर वाण छोड़ता है । १०. मेरा सत्य और धर्म पर विश्वास । ११. तेरी भगवान् पर श्रद्धा है । १२. वह मेरे वचन पर विश्वास करता है । ्र) १३. भगवान् को नमस्कार करो । १४. आप क्या पढ़ते हैं ? १५. आपके ास पढ़ने के लिए आया हूँ । १६. श्रीमान् को नमस्कार । १७. उस बुद्धिमान् ो ये पुस्तकें दो । १८. यह उस धनवान् का घर है । १९. वलवान् वालक की क्षा करता है । २०. आपमें ज्ञान, विद्या, सत्य और धर्म हैं ।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) गुरुः शिष्यं स्नेहं करोति ।	गुरुः शिष्ये स्नेहं० ।	४९
(२) राजा दुर्जनं वाणं क्षिपति ।	राजा दुर्जने वाणं० ।	५१
(३) श्रीमानं नमः ।	श्रीमते नमः ।	२२, शब्दरूप
(४) तस्य धनवानस्य गृहम्० ।	तस्य धनवतः गृहम्० ।	शब्दरूप

४. अभ्यास—(क) २ (ख) को वहुवचन में वदलो । (ग) इन शब्दों के पूरे ्प लिखोः—भगवत्; भवत्; श्रीमत्, बुद्धिमत्, धनवत्, वलवत् ।

५. वाक्य वनाओः—स्नेहः, आसक्तः, आदरः, लग्नः, कुशलः, क्षिपति, ्ुञ्चति, श्रद्धा, विश्वसिति, भगवन्तम्, भवान्, धनवतः ।

शब्दकोश ३४०+२०=३६०] अभ्यास १८ (व्याक

(क) करिन् (हाथी), पक्षिन् (पक्षी), दण्डिन् (१. संन्यासी, २. धारी), विद्यार्थिन् (विद्यार्थी), स्वामिन् (स्वामी), मन्त्रिन् (मन्त्री), ज्ञा (ज्ञानी), योगिन् (योगी), त्यागिन् (त्यागी), धनिन् (धनी)। (१० (ख) सेव् (सेवा करना), लभ् (पाना), वृध् (बढ़ना), मुद् (प्रसन्न होन सह् (सहन करना), याच् (माँगना)। (६)। (ग) सकृत् (एक बा असकृत् (बार-बार), मुहुः (बार-बार), पुनः (फिर) (४)।

सूचना—(क) करिन्–धनिन्, करिन् के तुल्य। (ख) सेव्–याच्, सेवतेव

व्याकरण (करिन्, लट्, अनुस्वार-सन्धि)

१. करिन् शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० १०)। पक्षि आदि के रूप इसी प्रकार चलाओ। नियम १० इन शब्दों में लगेगा—करि पक्षिन्, मन्त्रिन्।

२. **सेव्—लट् (आत्मनेपद)** **संक्षिप्त रूप**

सेवते	सेवेते	सेवन्ते	प्र० पु०	अते	एते	अन्ते
सेवसे	सेवेथे	सेवध्वे	म० पु०	असे	एथे	अध्वे
सेवे	सेवावहे	सेवामहे	उ० पु०	ए	आवहे	आमहे

संक्षिप्त रूप लगाकर लभ् आदि के रूप बनाओ। जैसे—लभते, वर्ध मोदते, सहते, याचते।

सूचना—भ्वादिगण (१) की सभी आत्मनेपदी धातुओं के रूप सेव् के तु चलेंगे।

३. **सूचना**—जिन धातुओं के अन्त में लट् में अति, अतः, अन्ति आ लगता है, उन्हें परस्मैपदी कहते हैं और जिनके अन्त में अते, एते, अन्ते आ लगता है, उन्हें आत्मनेपदी कहते हैं।

४. अभ्यास ५,६,७ में दिये प्रथमा, द्वितीया के नियमों का पुनः अभ्यास करो

*नियम ५२—(मोऽनुस्वारः) पद (शब्द) के अन्तिम म् के बाद कोई व्यंज हो तो म् को अनुस्वार (ं) हो जाता है। बाद में स्वर होगा तो म् नहीं रहेगा। जैसे—कार्यम्+करोति=कार्यं करोति। सत्यम्+वद=सत्यं वद गृहम्+गच्छति=गृहं गच्छति। गृहम्+अगच्छत्=गृहमगच्छत्।

अभ्यास १८

१. उदाहरण-वाक्य :—१. वने करिणः सन्ति । २. रामः पक्षिणः पश्यति । ३. दण्डी दण्डेन सह भ्रमति । ४. विद्यार्थिनः स्वामिनः मन्त्रिणः ज्ञानिनः योगिनः त्यागिनः धनिनः च अत्र सन्ति । ५. विद्यार्थी गुरुं सेवते । ६. मन्त्री धनं लभते । ७. त्वं सुखेन वर्धसे । ८. अहं विद्यया मोदे । ९. योगी दुःखं सहते । १०. विद्यार्थी नृपं धनं याचते । ११. सकृत् कार्यं कुरु । १२. असकृत् मुहुः पुनः पुनः विद्यां पठ, सत्यं वद, धर्मं च कुरु ।

२. संस्कृत बनाओः— क) १. इस नगर में पाँच हाथी हैं । २. इन पक्षियों को देखो । ३. दण्डी इधर आ रहा है । ४. विद्यार्थी ज्ञानी, योगी और त्यागी की सेवा करता है । ५. स्वामी धनी से धन माँगता है । ६. योगी दुःख सहता है । ७. मन्त्री धन पाता है और सुखपूर्वक बढ़ता है । ८. योगी और त्यागी प्रसन्न होते हैं । ९. योगी एक बार भोजन करता है । १०. धनी बार-बार भोजन करता है । (ख) ११. ज्ञानी के चारों ओर विद्यार्थी हैं । १२. मन्त्री के दोनों ओर ज्ञानी हैं । १३. त्यागी वन जाता है । १४. विद्यार्थी विद्यालय जाते हैं । (ग) १५. वह गुरु की सेवा करता है । १६. वह धन पाता है । १७. तू बढ़ता है । १८. तू प्रसन्न होता है. १९. मैं **दुःख** सहता हूँ । २०. मैं राजा से धन माँगता हूँ ।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) एतत् नगरे पञ्च हस्ती सन्ति ।	एतस्मिन् नगरे पञ्च हस्तिनः० ।	२०
(२) स्वामी धनिनः धनं याचते ।	स्वामी धनिनं धनं यायते ।	११
(३) अहं नृपात् धनं याचे ।	अहं नृपं धनं याचे ।	११

४. अभ्यास— क) २ (ग) को द्विवचन और बहुवचन में बदलो । (ख) इन शब्दों के पूरे रूप लिखो—करिन्, पक्षिन्, दण्डिन्, विद्यार्थिन्, धनिन् । (ख) इनके लट् के पूरे रूप लिखो—सेव्, लभ्, वृध, मुद्, सह्, याच् ।

५. वाक्य बनाओ—विद्यार्थिनः, धनिनाम्, सेवते, सहसे, सकृत्, मुहुः ।

६. सन्धि करो—कार्यः + करोति । पुस्तकम् + पठति । गृहम् + गच्छति । लेखम् + लिखति । त्वम् + पठसि । सत्यम् + वद । पुस्तकम् + अपठत् ।

शब्दकोश ३६०+२०=३८०] अभ्यास १९ (व्याकरण

(क) राजन् (राजा), मूर्धन् (सिर), तक्षन् (बढ़ई)। (३)। (ख) वृ (होना), ईक्ष् (देखना), भाष् (कहना), कूर्द् (कूदना), यत् (यत्न करना) रम् (१. लगना, २. रमण करना), वन्द् (वन्दना करना), शिक्ष् (सीखना) कम्प् (काँपना), परा+अय्=पलाय् (भागना), चेष्ट् (चेष्टा करना) आलम्ब् (सहारा लेना), ध्वंस् (नष्ट होना)। (१३)। (ग) अन्यथा (नहीं तो) शीघ्रम् (शीघ्र), सहसा (एकदम), किंचित् (कुछ)। (४)।

सूचना—(क) राजन्—तक्षन्, राजन् के तुल्य। (ख) वृत्—ध्वंस्, से के तुल्य।

व्याकरण (राजन्, लोट्, यण्-सन्धि, तृतीया)

१. राजन् शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० १३)। मूर्ध और तक्षन् के रूप राजन् के तुल्य चलाओ।

२. सेव् लोट् (आत्मनेपद) **संक्षिप्त रूप**

सेवताम्	सेवेताम्	सेवन्ताम्	प्र० पु०	अताम्	एताम्	अन्ताम्
सेवस्व	सेवेथाम्	सेवध्वम्	म० पु०	अस्व	एथाम्	अध्वम्
सेवै	सेवावहै	सेवामहै	उ० पु०	ऐ	आवहै	आमहै

संक्षिप्त रूप लगाकर लभ् आदि तथा वृत् आदि के रूप बनाओ।

३. वृत् आदि के लट् में ये रूप होते हैं—वर्तते, ईक्षते, भाषते, कूर्दते, यतते, रमते, वन्दते, शिक्षते, कम्पते, पलायते, चेष्टते, आलम्बते, ध्वंसते। लोट् में सेव् के तुल्य इनके रूप चलाओ।

४. अभ्यास ८, ९ में दिये तृतीया के नियमों का पुनः अभ्यास करो।

नियम ५३–(**इको यणचि**) इ ई को य्, उ ऊ को व्, ऋ को र्, ऌ को ल् हो जाता है, यदि बाद में कोई स्वर हो तो। (सवर्ण (वैसा ही) स्वर हो तो नहीं)। जैसे–

(१) प्रति+एक=प्रत्येकः। इति+आह=इत्याह। यदि+अपि=यद्यपि। सुधी+उपास्यः=सुध्युपास्यः। (२) मधु+अरिः=मध्वरिः। वधू+औ=वध्वौ। गुरु+आज्ञा=गुर्वाज्ञा। (३) पितृ+आ=पित्रा। धातृ+अंश=धात्रंशः (४) ऌ+आकृतिः=लाकृतिः।

अभ्यास १९

१. उदाहरण-वाक्य—१. राजा राज्यं करोति । २. राजानं पश्य । ३. राज्ञा सह मन्त्री वर्तते । ४. राज्ञः राज्ञां कुरु, अन्यथा स कोपिष्यति । ५. वालकस्य मूर्ध्नि फलम् अपतत् । ६. तक्षा कार्यं करोति । ७. अत्र रामः वर्तते, स ईक्षते, भाषते, कूर्दते च । ८. स पुत्रम्, ईक्षताम्, वचनं भाषताम्, कूर्दताम्, यतताम्, रमतां च । ९ त्वं गुरुं वन्दस्व, विद्यां शिक्षस्व, ज्ञानं लभस्व च । १०. अहं चेष्टै, वर्धै, मोदै, दुःखं सहैच । ११. दुर्जनः पलायताम् । १२. वन्दे मातरम् ।

२. संस्कृत वनाओ—(क) राजा आ रहा है । २. राजा को नमस्कार करो । ३. राजा के साथ सेनापति है ।४. राजा को धन दो । ५. राजा का राज्य वढ़े । ६. वालक का सिर सूंघो । ७ शिष्य के सिर पर फूल गिरा । ८. वढ़ई इधर आ रहा है । ९. विद्या पढ़ो, नहीं तो दुःख होगा । १०. वह स्वभाव से सज्जन है । ११. वह आँख का काणा है । १२. विवाद मत करो । (ख) १३. यहाँ सुख हो । १४. वह लता को देखे । १५. वह सत्य वोले । १६. तू वृक्ष से नीचे कूद । १७. तू पढ़ाई में यत्न कर । १८. तू काम में लग । १९. मैं गुरु की वन्दना करूँ । २०. मैं विद्या सीखूं । २१. दुर्जन सहसा कांपे । २२ चोर शीघ्र भाग जावे । २३. शिष्य चेष्टा करे । २४. वालक पिता का सहारा ले । २५. यह घर नष्ट हो । २६. वह धन पावे और वढ़े ।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) राजाम्, राजेन, राजाय ।	राजानम्, राज्ञा, राज्ञे ।	शव्दरूप
(२) त्वं पठने यत्।	त्वं पठने यतस्व ।	धातुरूप
(३) वालकः पितुः आलम्वतु ।	वालकः पितरम् आलम्वताम् ।	,, ११

(४). अभ्यास—(क) २ (ख) को वहुवचन में वदलो । (ख) राजन् शव्द के पूरे रूप लिखो । (ग) इनके लोट् के पूरे रूप लिखो—सेव्, लभ्, वृध्, याच्, मुद्, वृत्, ईक्ष्, कूर्द्, यत् ।

५. वाक्य वनाओ—अन्यथा, प्रकृत्या, भाषताम्, कूर्दस्व, यतस्व, शिक्षै ।

६.सन्धि करो—यदि + अपि । इति + अत्र । पठति + अत्र । पठतु + अत्र । मधु + अरिः । पितृ + ए । धातृ + अंशः । कर्तृ + आ ।

शब्दकोश ३८० + २० = ४००] **अभ्यास २०** (व्याकरण)

(क) सिंहः (शेर), व्याघ्रः (बाघ), ऋक्षः (रीछ), शूकरः (सूअर), वृकः (भेड़िया), शृगालः (गीदड़), शशकः (खरगोश), वानरः (बन्दर), वृषभः (बैल); उष्ट्रः (ऊँट), गर्दभः (गधा), कुक्कुरः (कुत्ता), मार्जारः (बिल्ली), अजः (बकरा), मूषकः (चूहा)। (१५)। (ख) गच्छत् (जाता हुआ), पठत् (पढ़ता हुआ), लिखत् (लिखता हुआ), कुर्वत् (करता हुआ), (४)। (ग) यत् (कि)। (१)।

सूचना—(क) सिंह–मूषक, रामवत्। (ख) गच्छत्–कुर्वत्, गच्छत् के तुल्य।

व्याकरण (गच्छत्, लङ्, अयादि सन्धि, चतुर्थी)

१. गच्छत् शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० १)। पठत् आदि के रूप गच्छत् के तुल्य चलाओ। इस प्रकार के बने हुए अन्य शब्दों के लिए देखो अभ्यास २६ का व्याकरण।

२. सेव् लङ् (आत्मनेपद) **संक्षिप्त रूप**

असेवत्	असेवेताम्	असेवन्त	प्र० पु०	अत	एताम्	अन्त
असेवथाः	असेवेथाम्	असेवध्वम्	म० पु०	अथाः	एथाम्	अध्वम्
असेवे	असेवावहि	असेवामहि	उ० पु०	ए	आवहि	आमहि

सूचना—लङ् लकार में धातु से पहले अ लगता है। यदि धातु का पहला अक्षर कोई स्वर हो तो आ लगेगा। संक्षिप्त रूप लगाकर अभ्यास १८ और १९ में दी गयी लभ् आदि धातुओं के रूप चलाओ।

३. अभ्यास १०, ११ में दिये चतुर्थी के नियमों का पुनः अभ्यास करो।

४. 'यत्' अव्यय 'कि' अर्थ में आता है। जैसे, उसने कहा कि मैं नहीं जाऊँगा–सः अभाषत यत् अहं न गमिष्यामि।

नियम ५४—(एचोऽयवायावः) ए को अय्, ओ को अव्, ऐ को आय् और औ को आव् हो जाता है, बाद में कोई स्वर हो तो। (शब्द के अन्तिम ए या ओ के बाद अ होगा तो नहीं)। जैसे—(१) हरे + ए = हरये। जे + अः = जयः। कवे + ए = कवये। (२) भो + अति = भवति। पो + अनः = पवनः। (३) नै + अकः = नायकः। गै + अकः = गायकः। (४) पौ + अकः = पावकः। द्वौ + एतौ = द्वावेतौ।

अभ्यास २०

१. उदाहरण-वाक्यः—१. बालकः पठन्, लिखन्, कार्यं च कुर्वन् अस्ति। २. गच्छन्तं सिंह पश्य। ३. पठता बालकेन सह रामः तिष्ठति। ४. गच्छते शिष्याय पुस्तकं यच्छ। ५. गच्छतः अश्वात् बालकः अपतत्। ६. लिखतः शिष्यस्य लेखं पश्य। ७. वृकः गच्छन् आसीत्। ८. रामः अभाषत यत् स सदा सत्यं वदिष्यति। ९. रामः गुरुम् असेवत्, धनम् अलभत, अवर्धत, अमोदत च। १०. त्वं दुःखम् असहथाः, कन्याम् ऐक्षथाः च।

२. संस्कृत बनाओः—(क) १. शिष्य जा रहा है। २. राम काम कर रहा है। ३. कृष्ण लिख रहा है। ४. एक शेर जा रहा था। ५. जाते हुए बाघ को देखो। ६. जाते हुए कुत्ते के साथ बकरा और बिल्ली भी हैं। ७. पढ़ते हुए बालक को लड्डू दो। ८. काम करते हुए शिष्य का काम देखो। ९. राम ने कहा कि वह घर जा रहा है। १०. वन में शेर, बाघ, रीछ, सूअर, भेड़िया, गीदड़, खरगोश और बन्दर रहते हैं। ११. नगर में घोड़े, बैल, ऊँट, गधे, कुत्ते, बिल्ली, बकरे और चूहे भी रहते हैं। (ख) १२. कुत्ते को भोजन दो। १३. मुझे लड्डू अच्छा लगता है। १४. गुरु को नमस्कार। १५. धन के लिए पढ़ो। (ग) १६. उसने धन पाया। १७. उसने गुरु की सेवा की। १८. तूने वृक्ष देखा। १९. तूने कहा। २०. मैंने यत्न किया। २१. मैंने विद्या सीखी।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) गच्छन् व्याघ्रं पश्य।	गच्छन्तं व्याघ्रं पश्य।	२०
(२) पठन् बालकं मोदकं यच्छ।	पठते बालकाय मोदकं यच्छ।	२०,२३
(३) कार्यं कुर्वन् शिष्यस्य०।	कार्यं कुर्वतः शिष्यस्य०।	२०

४. अभ्यासः—(क) २ (ग) को बहुवचन में बदलो। (ख) गच्छत्, पठत्, कुर्वत् के पूरे रूप लिखो। (ग) इनके लङ् के रूप लिखो—सेव्, लभ्, वृध्, सह्, याच्, वृत्, भाष्, कूर्द्; यत्, वन्द्।

५. वाक्य बनाओः—गच्छन्तम्, कुर्वतः, अलभत, ऐक्षत, असहत।

६. सन्धि करोः—मुने + ए। कवे + ए। जे + अति। भो + अति। पो + अनः। गुरो + ए। गै + अकः। गै + अति। पौ + अकः। द्वौ + इमौ।

शब्दकोश ४०० + २० = ४२०] **अभ्यास २१** (व्याव

(क) मतिः (बुद्धि), बुद्धिः (बुद्धि), गतिः (चाल), धृतिः (धैर्य), कृतिः (क भूतिः (ऐश्वर्य), उक्तिः (कथन), मुक्तिः (मोक्ष), युक्तिः (युक्ति), भक्तिः (भ श्रुतिः (वेद), स्मृतिः (स्मृति), शक्तिः (बल), शान्तिः (शान्ति), प्रवृत्तिः (प्रवृ प्रणतिः (प्रणाम), भूमिः (पृथ्वी), समृद्धिः (ऐश्वर्य), रात्रिः (रात), अंगुलिः (उँगल (२०)। सूचना—मति—अंगुलि, मतिवत्।

व्याकरण (मति, विधिलिङ्, गुण-सन्धि, पञ्चमी)

१. मति शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द १६)। बुद्धि आदि रूप मति के तुल्य चलाओ।

२. सेव्-विधिलिङ् (आत्मनेपद)

				संक्षिप्त रूप		
सेवेत	सेवेयाताम्	सेवेरन्	प्र० पु०	एत	एयाताम्	एर
सेवेथाः	सेवेयाथाम्	सेवेध्वम्	म० पु०	एथाः	एयाथाम्	एध्व
सेवेय	सेवेवहि	सेवेमहि	उ० पु०	एय	एवहि	एम

अभ्यास १८, १९ में दी गयी लभ् आदि धातुओं के रूप इसी प्रकार बनाओ

३. अभ्यास १२, १३ में दिये पंचमी के नियमों का पुनः अभ्यास करो।

*नियम ५५—दीर्घ, गुण, वृद्धि, संप्रसारण के लिए यह विवरण स्मरण कर लें ऊपर स्वर दिये हैं। गुण, वृद्धि आदि कहने पर ऊपर के स्वर के नीचे गुण आदि के सामने जो स्वर दिये हैं, वे होंगे।

स्वर	**अ, आ,**	**इ, ई,**	**उ, ऊ,**	**ऋ, ॠ,**	**ऌ**	**ए**	**ऐ**	**ओ**	**औ**
१. **दीर्घ**	आ	ई	ऊ	ॠ	—	—	—	—	—
२. **गुण**	अ	ए	ओ	अर्	अल्	ए	—	ओ	—
३. **वृद्धि**	आ	ऐ	औ	आर्	आल्	ऐ	ऐ	औ	औ

४. संप्रसारण—य् को इ, व् को उ, र् को ऋ।

*नियम ५६—(आद्गुणः) अ या आ के बाद (१) इ या ई हो तो दोनों को (२) उ या ऊ हो तो दोनों को 'ओ', (३) ऋ या ॠ हो तो दोनों को 'अ (४) ऌ हो तो दोनों को 'अल्' होगा। जैसे—रमा + ईशः = रमेशः। पर उपकारः = परोपकारः। महा + उत्सवः = महोत्सवः। महा + ऋषिः महर्षिः। तव + ऌकारः = तवल्कारः।

अभ्यास २१

१. उदाहरण-वाक्यः—१. मतिम् इच्छा । २. बुद्ध्या कार्यं कुरु । ३. करिणः ातिम् ईक्षस्व । ४. रामे धृतिः भक्तिः शक्तिः भूतिः शान्तिः च सन्ति । ५. मधुराम् उक्ति भाषेथाः । ६. भूमौ युक्त्या वर्तेथाः । ७. श्रुतिं स्मृतिं च पठ । ८. भक्त्या ईश्वरम् ईक्षेथाः । ९. स गुरुं सेवेत, धनं लभेत, वर्धेत, मोदेत च १०. त्वं दुःखं ाहेथाः, ईश्वरं मतिं याचेथाः, ईश्वरं वन्देथाः, विद्यां च शिक्षेथाः । ११. अहं सत्यं भाषेय, फलम् ईक्षेय, यतेय, कार्ये रमेय, कुशलं वर्तेय च ।

२. संस्कृत बनाओ—(क) १. बालक की मति अच्छी है । २. बुद्धि से कार्यों को करो । ३. बालक की चाल देखो । ४. दुःख में धैर्य रखो (धारय) । ५. रघुवंश कालिदास की कृति है । ६. इस नगर में राजा की भूति, समृद्धि और शक्ति देखो । ७. श्रुति और स्मृति को शान्ति से पढ़ो । ८. यति भक्ति से मोक्ष को पावे । ९. बालक भूमि पर बैठें । १० मधुर उक्ति ही कहो । (ख) ११. रात्रि में बन्दर वृक्ष से पृथ्वी पर गिरा । १२. मुनि से श्रुति और स्मृति पढ़ो । १३. शिष्य सिंह से डरता है । १४. राम कृष्ण से अधिक चतुर है । (ग) (विधिलिङ्) १५. शिष्य गुरु की सेवा करे, ज्ञान पावे, बढ़े और प्रसन्न हो । १६. तू ईश्वर से बुद्धि माँग, दुःखों को सह और भक्ति से मुक्ति को पा । १७. मैं गुरु की वन्दना करूँ, विद्या सीखूं, यत्न करूँ, सत्य बोलूं और धर्म में रमूं ।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) बुद्धिना, शान्तिना, भक्तिना ।	बुद्ध्या, शान्त्या, भक्त्या ।	शब्दरूप
(२) सेवेत्, लभेत्, वर्धेत् ।	सेवेत, लभेत, वर्धेत ।	धातुरूप
(३) वन्देयम्, शिक्षेयम्, यतेयम् ।	वन्देय, शिक्षेय, यतेय ।	,,

४. अभ्यासः—(क) २ (ग) को बहुवचन में बदलो । (ख) इनके रूप लिखो—मति, बुद्धि, गति, कृति, युक्ति । (ग) इनके विधिलिङ् के रूप लिखो—सेव्, लभ्, वृध्, मुद्, सह्, याच्, वृत्, ईक्ष्, भाष् । (घ) दीर्घ, गुण, वृद्धि, संप्रसारण से क्या समझते हो, लिखो ।

५. सन्धि करोः—महा + ईशः । रमा + ईशः । तथा + इति । न + इति । पर + उपकारः । हित + उपदेशः । राज + ऋषिः । सप्त + ऋषिः । ब्रह्म + ऋषिः ।

शब्दकोश ४२० + = ४४०] **अभ्यास २२** (व्याकरण

(क) नदी (नदी), गौरी (पार्वती], मही (पृथ्वी), रजनी (रात्रि), सखी (सखी), दासी (दासी), पुरी (नगरी), वाणी (वचन), सरस्वती (सरस्वती) बुद्धिमती (बुद्धिमान् स्त्री), ब्राह्मणी (१. ब्राह्मण स्त्री, २. ब्राह्मण की स्त्री), मृगी (हिरनी), सिंही (सिंहनी), सर्पिणी (साँपिन), राज्ञी (रानी), भवती (आप स्त्रीलिंग), श्रीमती (ऐश्वर्यवाली स्त्री), कौमुदी (चाँदनी), कमलिनी (कमलिनी), इन्द्राणी (इन्द्र की स्त्री)। (२०)।

व्याकरण (नदीः, लृट्, वृद्धि-सन्धि, षष्ठी)

सूचना—(क) नदी—इन्द्राणी, नदीवत्।

१. नदी शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० १७)। गौरी आदि नदीवत्।

२. अभ्यास १४, १५, में दिये षष्ठी के नियमों का पुनः अभ्यास करो।

३.	सेव्—लृट्	(आत्मनेपद)		संक्षिप्त रूप		
सेविष्यते	सेविष्येते	सेविष्यन्ते	प्र० पु०	इष्यते	इष्येते	इष्यन्ते
सेविष्यसे	सेविष्येथे	सेविष्यध्वे	म० पु०	इष्यसे	इष्येथे	इष्यध्वे
सेविष्ये	सेविष्यावहे	सेविष्यामहे	उ० पु०	इष्ये	इष्यावहे	इष्यामहे

कुछ धातुओं में इष्यतेवाले रूप लगते हैं, कुछ में स्यते, स्येते आदि।

***सूचना**—अभ्यास १८, १९ की इन धातुओं में, 'इष्यते' वाला रूप लगेगाः—सेविष्यते, वर्धिष्यते, मोदिष्यते सहिष्यते, याचिष्यते, वर्तिष्यते, ईक्षिष्यते, भाषिष्यते, कूर्दिष्यते, यतिष्यते, वन्दिष्यते, शिक्षिष्यते, कम्पिष्यते, पलायिष्यते, चेष्टिष्यते, आलम्बिष्यते, ध्वंसिष्यते। इन धातुओं में 'स्यते' वाला रूप लगेगाः—लभ्—लप्स्यते, रम्—रंस्यते।

***नियम ५७—(वृद्धिरेचि)** (१) अ या आ के बाद ए या ऐ होगा, तो दोनों को 'ऐ' होगा। (२) अ या आ के बाद ओ या औ होगा तो दोनों को 'औ' होगा। जैसे—अत्र + एकः=अत्रैकः। राज + ऐश्वर्यम्=राजैश्वर्यम्। सा + एषा= सैषा। महा + ओषधिः=महौषधिः। तण्डुल + ओदनम्=तण्डुलौदनम्।

अभ्यास २२

१. उदाहरण-वाक्यः—१. रमा गौरीं वन्दिष्यते । २. ब्राह्मणी नद्यां स्नानं करिष्यति । ३. सरस्वती वाणीं भाषिष्यते । ४. राज्ञी सखीभिः सह पुर्यां भ्रमति । ५. बुद्धिमती दासीं पृच्छति । ६. सिंही मृगीम् इच्छति । ७. इन्द्राणी श्रीमतीं भवतीं किं पृच्छति ? ८. राज्ञी नृपं सेविष्यते, वन्दिष्यते, भाषिष्यते, ईक्षिष्यते च । ९ श्रीमती धनं लप्स्यते रंस्यते च ।

२. संस्कृत बनाओः—(क) १. नदी को देखो । २. नदी में स्नान करो । ३. नदी का जल मीठा है । ४. जल के लिए नदी पर जाओ । ५. रानी पार्वती को प्रणाम करेगी । ६. पृथ्वी पर ब्राह्मणी बैठी है । ७. आप क्या पढ़ती हैं ? ८. इन्द्राणी इन्द्र के साथ घूमेगी । ९. रात्रि में रानी दासियों और सखियों के साथ घूमती है । १०. बुद्धिमती वचन कहेगी । ११. ब्राह्मणी सरस्वती की वन्दना करेगी । १२. मृगी सिंहनी से डरती है । १३. चाँदनी में नगर में आदमी घूमते हैं । (ख) १४. पुत्र माता को स्मरण करता है । १५. कमलिनी के फूल को देखो । १६. पुस्तकों में वेद श्रेष्ठ है । १७. धर्मों में वैदिक धर्म श्रेष्ठ है । १८. साँपिन की गति देखो । (ग) १९. कृष्ण गुरु की सेवा करेगा, दुःख सहेगा, सत्य बोलेगा और प्रसन्न रहेगा । २०. तू यत्न करेगा, विद्या सीखेगा, धर्म का सहारा लेगा और बढ़ेगा । २१. मैं सत्य बोलूंगा, धन पाऊँगा, यत्न करूँगा, धर्म में रमूंगा और प्रसन्न रहूँगा ।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) मृगी सिंही बिभेति ।	मृगी सिंह्याः बिभेति ।	२९
(१) लभिष्ये, रमिष्ये ।	लप्स्ये, रंस्ये ।	धातुरूप

४. अभ्यासः—(क) २ (ग) को बहुवचन में बदलो । (ख) इनके रूप लिखो—नदी, गौरी, बुद्धिमती, भवती, श्रीमती । (ग) इनके लृट् के रूप लिखो—सेव्, लभ्, वृध्, मुद्, सह्, याच्, वृत्, भाष्, लभ्, रम् ।

५. वाक्य बनाओः—सेविष्यते, शिक्षिष्ये, सहिष्ये, लप्स्यते, रंस्ये ।

६. सन्धि करोः—अत्र + एषः । न + एतत् । पश्य + एतम् । सा + एषा । देव + औदार्यम् । राज + ऐश्वर्यम् । जल + ओघः । वन + ओषधिः ।

शब्दकोश ४४० + २० = ४६०] **अभ्यास २३** (व्याकरण

(क) धेनुः (गाय), रेणुः (धूल), रज्जुः (रस्सी)। सुलेखः (सुलेख) परिणामः (परिणाम), अङ्कः (अंक), अवकाशः (छुट्टी), कक्षा (श्रेणी) परीक्षा (परीक्षा), सचिका (कापी), लेखनी (कलम), मसी (स्याही)। मसीपात्रम् (दावात), मित्रम् (मित्र), उत्तरम् (उत्तर), क्रीडाक्षेत्रम् (क्रीड़ाक्षेत्र) (१६)। (ख) उत्तीर्णः (उत्तीर्ण), अनुत्तीर्णः (फेल), उपस्थितः (उपस्थित) अनुपस्थितः (अनुपस्थित)। (४)।

सूचना—(क) धेनु—रज्जु, धेनुवत्।

व्याकरण (धेनु, क्त प्रत्यय, दीर्घ-सन्धि)

१. धेनु शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० १९)। रेणु, रज्जु, धेनुवत्।

१. अभ्यास १६, १७ में दिये सप्तमी के नियमों का पुनः अभ्यास करो।

***नियम ५८—(अकः सवर्णे दीर्घः)** अ इ उ ऋ के बाद सवर्ण (समान) अक्षर हो तो दोनों के स्थान पर उसी वर्ण का दीर्घ अक्षर हो जाता है। अर्थात् (१) अ या आ + अ या आ = आ। (२) इ या ई + इ या ई = ई। (३) उ या ऊ + उ या ऊ = ऊ। (४) ऋ + ऋ = ॠ। जैसे—हिम + आलयः = हिमालयः। विद्या + आलयः = विद्यालयः। श्री + ईशः = श्रीशः। गुरु + उपदेशः = गुरूपदेशः। होतृ + ऋकारः = होतॄकारः।

***नियम ५९**—भूतकाल अर्थ में धातु से क्त (त) प्रत्यय होता है। क्त का त शेष रहता है। जिन धातुओं के साथ अन्य स्थानों पर बीच में इ लगता है, उनमें 'इत' जुड़ेगा, अन्य धातुओं में केवल 'त' जुड़ेगा। जैसे—पठ्—पठितः (पढ़ा), लिख्—लिखितः (लिखा), कृ—कृतः (किया), गम्—गतः (गया)।

***नियम ६०**—'त' प्रत्यय लगाकर अनुवाद बनाने के लिए ये नियम स्मरण कर लें:—

(१) जब सकर्मक धातु से 'त' प्रत्यय होगा तो कर्म में प्रथमा, कर्ता में तृतीया क्रिया का लिंग-वचन और विभक्ति कर्म के अनुसार होगी, कर्ता के अनुसार नहीं। (२) अकर्मक धातु से 'त' प्रत्यय होने पर कर्ता में तृतीया, क्रिया में नपुंसकलिंग एकवचन। (३) 'त' प्रत्ययान्त शब्द कर्म के अनुसार पुंलिंग होगा तो उसके रूप रामवत्, स्त्रीलिंग होगा तो रमावत्, नपुंसकलिंग होगा तो गृहवत्। जैसे—उसने काम किया—तेन कार्यं कृतम्। तेन पुस्तकं पठितम्। तेन लेखः लिखितः। तेन हसितम्। तेन भोजनं खादितम्। तेन बालकः रक्षितः।

१. **उदाहरण-वाक्य**—१. धेनुः गच्छति । २. धेनुं पश्य । ३. धेनवे अन्नं देहि । ४. तस्यां कक्षायां दश छात्राः सन्ति । ५. तेषां समीपे पुस्तकानि संचिकाः लेखन्यः मसीपात्राणि च सन्ति । ६. परीक्षायां षट् छात्राः उत्तीर्णाः, अन्ये अनुत्तीर्णाः च सन्ति । ७. मया भोजनं भक्षितम् । ८. तेन पुस्तकानि पठितानि । ९. मया पत्रं लिखितम्, पत्रे लिखिते, पत्राणि च लिखितानि । १०. त्वया कार्यं कृतम्, कार्याणि च कृतानि ।

२. **संस्कृत बनाओः**—(क) १. गाय आयी । २. गाय को लाओ । ३. गाय का दूध पीओ । ४. गाय को अन्न और जल दो । ५. धूल उठ रही है (उत्तिष्ठति) । ६. धूल पर न बैठो । ७. रस्सी लाओ । (ख) ८. यह विद्यालय है । ९. यहाँ पर छात्र पढ़ते हैं । १०. कक्षा में ९ छात्र उपस्थित हैं और १ अनुपस्थित है । ११. परीक्षा में सात छात्र उत्तीर्ण हैं और अन्य अनुत्तीर्ण । १२. कापी पर कलम से सुलेख लिखो । १३. परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करो । १४. आज विद्यालय में छुट्टी है, अतः क्रीड़ाक्षेत्र में खेलो । १५. इन छात्रों के पास पुस्तकें, कलम, स्याही और दावात हैं । १६. सत्य के बोलने में तत्पर होओ । १७. धर्मग्रन्थों में वेद श्रेष्ठ हैं । (ग) १८. बालक ने पुस्तक पढ़ी । १९. मैंने पुस्तकें पढ़ीं । २०. तूने काम किया । २१. मैंने लेख लिखा । २२. हमने लेख लिखे । २३. मैंने भोजन खाया । २४. सेनापति ने बालक की रक्षा की । २५. मैं हँसा । २६. तूने फल खाये । २७. मैंने ग्रंथ पढ़े ।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) अहं पुस्तकानि पठितम् ।	मया पुस्तकानि पठितानि ।	६०
(२) सेनापतिः बालकस्य रक्षितम् ।	सेनापतिना बालकः रक्षितः ।	६०
(३) त्वं फलानि खादितम् ।	त्वया फलानि खादितानि ।	६०

४. **अभ्यासः**—(क) धेनु शब्द के पूरे रूप लिखो । (ख) इन धातुओं के क्त प्रत्यय लगाकर रूप बनाओः—पठ्, लिख्, गम्, कृ, रक्ष्, हस् ।

५. **वाक्य बनाओः**—कृतम्, रक्षितः, पठितानि, लिखितः, धेनोः, मित्रस्य ।

६. **सन्धि करोः**—विद्या + आलयः । शिष्ट + आचारः । महा + आत्मा । श्री + ईशः । गिरि + ईशः । पठति + इदम् । गुरु + उपदेशः । भानु + उदयः ।

शब्दकोश ४६० + २०=४८०] **अभ्यास २४** (व्याकरण)

(क) वारि (जल)। हस्तः (हाथ), दन्तः (दाँत), ओष्ठः (ओष्ठ), अधरः (नीचे का ओष्ठ), स्कन्धः (कन्धा), कण्ठः (गला), केशः (बाल), नखः (नाखून), पादः (पैर)। नासिका (नाक), ग्रीवा (गर्दन), जिह्वा (जीभ), जंघा (जाँघ)। मुखम् (मुँह), उरःस्थलम् (छाती), हृदयम् (हृदय), उदरम् (पेट), शरीरम् (शरीर)। (१९)। (घ) शुचि (स्वच्छ, पवित्र)। (१)।

सूचना—(क) हस्त—पाद, रामवत्। नासिका—जंघा, रमावत्।

व्याकरण (वारि, क्त, दा धातु, पूर्वरूप-सन्धि)

१. वारि शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० २७)। शुचि, वारिवत्।

२. दा धातु के लट्, लोट्, लङ् के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० २४)।

***नियम ६१**—(एङः पदान्तादति)-पद (शब्दरूप या धातुरूप के अन्तिम ए या ओ के बाद अ हो तो वह हट जाता है। (अ हटा है, इस बात को बताने के लिए ऽ अवग्रह-चिह्न लगा दिया जाता है)। जैसे—लोके + अस्मिन्= लोकेऽस्मिन्। हरे + अव=हरेऽव। को + अपि=कोऽपि। विष्णो + अव= विष्णोऽव। को + अयम्=कोऽयम्।

***नियम ६२**—जाना, चलना अर्थ की धातुओं और अकर्मक धातुओं से 'त' प्रत्यय होने पर कर्ता में प्रथमा और कर्म में द्वितीया होती है। जैसे—स गृहं गतः। स विद्यालयं प्राप्तः। स आगतः। स सुप्तः। स मृतः।

सूचना—'त' प्रत्यय से बने कुछ प्रसिद्ध रूप ये हैं—(देखो प्रत्यय-विचार)

अस् (२प.)	भूतः	चुर्	चोरितः	धृ	धृतः	भू	भूतः
आप्	आप्तः	छिद्	छिन्नः	नम्	नतः	लिख्	लिखितः
ईक्ष्	ईक्षितः	जन्	जातः	नश्	नष्टः	वद्	उदितः
कथ्	कथितः	ज्ञा	ज्ञातः	पठ्	पठितः	वस्	उषितः
कृ	कृतः	त्यज्	त्यक्तः	पा (१प.)	पीतः	वह	ऊढः
क्रीड्	क्रीडितः	दा	दत्तः	प्रच्छ्	पृष्टः	श्रु	श्रुतः
खाद्	खादितः	दृश्	दृष्टः	ब्रू	उक्तः	स्था	स्थितः
गम्	गतः	धा	हितः	भक्ष्	भक्षितः	हृ	हृतः

अभ्यास २४

१. उदाहरण-वाक्यः—१. शुचि वारि पिब। २. शुचिना वारिणा स्नानं ;रु। ३. शुचिने वारिणे नदीं गच्छ। ४. रामः गृहं गतः। ५. कृष्णः गृहम् ागतः। ६. स नदीं प्राप्तः। ७. रामेण रावणस्य मूर्धा छिन्नः। ८. रामेण ाह्मणाय धनं दत्तम्, जलं पीतम्, भारः नीतः, वचनम् उक्तम्, कार्यं कृतम्, ाल हृतम्, पुस्तकं धृतम्, भोजनं खादितम्, प्रश्नः पृष्टः, गृहं त्यक्तम्, रावणः हतः, ात्रुः बद्धः, कार्यम् आरब्धम्, सीता दृष्टा, वने उषितः च। ९. देवः पुत्राय धनं :दाति, ददातु, अददात् वा। १०. त्वं शिष्याय धनं ददासि, देहि, अददाः वा।

२. संस्कृत बनाओः—(क) १. राम स्वच्छ जल पीता है। २. तू स्वच्छ ाल ला। ३. स्वच्छ जल के लिए तू नदी पर जा। ४. तू हाथ, पैर, मुँह, आँख, ाक, कान, बाल और गले को स्वच्छ कर। ५. उस कन्या के दाँत, ओष्ठ, ाखून, गर्दन, जंघा और मुंह सुन्दर हैं। ६. हृदय को सदा पवित्र रखो (स्था।य)। ख) ७. शिष्य विद्यालय गया। ८. बालक आया। ९. बच्चा सोया। १०. रावण ारा (मृतः)। ११. मैंने धर्म जाना, दान दिया, दूध पिया, वचन कहा, कार्य केया और धर्म धारण किया। १२. तूने स्नान किया, भोजन खाया, प्रश्न पूछा, ार्य आरम्भ किया और शिष्य की रक्षा की। (ग) १३. वह दान देता है। ४. तू धन देता है। १५. मैं बालक को फल देता हूँ। १६. पिता बालक को ल दे। १७. तू मुझे पुस्तक दे। १८. मैं तुझे धन दूँ। १९. उसने धन दिया। १०. तूने ब्राह्मण को भोजन दिया। २१. मैंने निर्धन को धन दिया।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) अहं धर्म ज्ञातः, दानं दत्तः।	मया धर्मः ज्ञातः, दानं दत्तम्।	६०
(२) त्वं स्नानं कृतः, भोजनं खादितः०।	त्वया स्नानं कृतम्,० खादितम्।	६०

४. अभ्यासः—(क) २ (ग) को बहुवचन में बदलो। (ख) वारि शब्द के ूरे रूप लिखो। (ग) इन धातुओं में क्त प्रत्यय लगाकर रूप बनाओ—कृ, हृ, ृ, मृ, दा, पा, स्था, ब्रू, प्रच्छ्, त्यज्, भिद्, हन्, स्वप्, गम्, दृश्, वह्। (घ) दा धातु के लट्, लोट् और लङ् के रूप लिखो।

५. सन्धि करोः—हरे + अव। गृहे + अस्मिन्। के + अत्र। धर्मे + अयम्। वेष्णो + अव। को + अयम्। को + अत्र। को + अपि। सो + अपि।

शब्दकोश ४८० + २० = ५००] **अभ्यास २५** (व्याकर

(क) मधु (शहद), दारु (लकड़ी), जानु (घुटना), अम्बु (जल), वस्तु (वस्
वसु (धन), अश्रु (आँसू)। (७)। (ख) प्र + आप् (पाना), स्वप् (सोना),
(जानना), स्ना (नहाना), ब्रू (बोलना), धृ (धारण करना), मृ (मरना), ‹
(छोड़ना), भिद् (तोड़ना), छिद् (काटना), हन् (मारना), आरभ् (आर
करना), वह् (१. ढोना, २. बहना)। (१३)

सूचना—(क) मधु—अश्रु, मधुवत्। (ख) धृ—त्यज्, वह्, भवतिवत्

व्याकरण (मधु, क्तवतु, पा धातु, श्चुत्व-सन्धि)

१. मधु शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० २९)। दारु आदि
रूप मधु के तुल्य चलाओ।

१. दा धातु के विधिलिङ् और लृट् के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० २'

नियम ६३—(स्तोः श्चुना श्चुः) स् या तवर्ग से पहले या बाद में श् या चव
कोई भी हो तो स् को श् और तवर्ग को चवर्ग (त् को च्, द् को ज्, न् ‹
ञ्) हो जाता है। जैसे—रामस् + च = रामश्च। कस् + चित् = कश्चित्
हरिस् + च = हरिश्च। (२) तत् + च = तच्च। सत् + चित् = सच्चित्
उत् + चारणम् = उच्चारणम्। (३) सद् + जनः = सज्जनः। उद् + ज्वल
उज्ज्वलः। (४) याच् + ना = याच्ञा।

***नियम ६४**—भूतकाल अर्थ में धातु से क्तवतु (तवत्) प्रत्यय होता है। क्तवतु क
तवत् शेष रहता है। तवत् प्रत्यय लगाकर रूप बनाने का सरल उपाय यह
कि क्त (त) प्रत्यय लगाकर जो रूप बनता है, उसमें बाद में 'वत्' और जो
दो। जैसे—कृ-कृतः, तवत् में कृतवत्। पठ्-पठितम्, तवत् में पठितवत्।

***नियम ६५**—तवत्-प्रत्ययान्तरूप के साथ अनुवाद के लिए यह नियम स्मरण कर लें:-
कर्ता के तुल्य ही तवत्-प्रत्ययान्त के लिंग, विभक्ति और वचन होंगे। कर्ता
में प्रथमा होगी, कर्म में द्वितीया, क्रिया कर्ता के तुल्य। तवत्-प्रत्ययान्त के
रूप पुंलिग में भगवत् (शब्द० ८) के तुल्य, स्त्रीलिंग में 'ई' लगाकर नदी
(शब्द० १७) के तुल्य और नपुंसक लिंग में जगत् (शब्द० ३३) के तुल्य
चलेंगे। जैसे—उसने पुस्तक पढ़ी—स पुस्तकं पठितवान्। तौ पुस्तकं
पठितवन्तौ। स पुस्तकानि पठितवन्तः। रमा पुस्तकं पठितवती।

अभ्यास २५

१. उदाहरण वाक्य—१. स मधु खादितवान् । २. मधु आनय । ३. मधुने श्यस्य गृहं गच्छ । ४. मधुनः भक्षणं कुरु । ५. शुचि अम्बु पिब । ६. एतत् वस्तु अत्रानय । ७. स त्वम् अहं वा गृहं गतवान् । ८. तौ युवाम् आवां वा गृहं गतवन्तौ । ९. ते यूयं वयं वा गृहं गतवन्तः । १०. स भाषणं दत्तवान् । ११. सा वचनम् उक्तवती । १२. ते गृहं त्यक्तवन्तः । १३. स दारु छिन्नवान् । १४. रामः ब्राह्मणाय धनं दद्यात्, त्वं दद्याः, अहं च दद्याम् । १५. स धनं दास्यति, त्वं च दास्यसि ।

२. संस्कृत बनाओः—(क)१. शहद लाओ । २. शहद खाओ । ३. शहद के लिए बर्तन लाओ । ४. शहद का सेवन करो । ५. अच्छी लकड़ी लाओ । ६. अपने घुटने को स्वच्छ करो । ७. स्वच्छ जल पीओ । ८. जल के लिए नदी पर जाओ । ९. मेरी वस्तु यहाँ लाओ । १०. इस वस्तु को ले जाओ । ११. बालक के आंसू भूमि पर गिर रहे हैं । (ख) (तवत् प्रत्यय) १२. उसने पुस्तक पढ़ी । १३. उसने लेख लिखा । १४. तू घर गया । १५. मैं यहाँ आया । १६. उसने धन पाया । १७. वह भूमि पर सोया । १८. उसने धर्म जाना । १९. मैं नहाया । २०. लड़की वचन बोली । (ग) २१. उन्होंने बालक पकड़ा (धृ) । २२. वे मरे । २३. तुम सबने घर छोड़ा । २४. तुमने घड़ा (घटः) तोड़ा । २५. हमने लकड़ियाँ काटीं । २६. हमने शेर मारा । २७. हमने काम आरम्भ किया । २८. हमने भार ढोया । (घ) २९. वह धन दे । ३०. तू फल दे । ३१. मैं निर्धन को धन दूँ । ३२. वह विद्या देगा । ३३. तू रमा को फूल देगा । ३४. मैं साधु को भोजन दूँगा ।

३. अशुद्ध वाक्य

	अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१)	तेन लेखः लिखितवन्तः ।	स लेखं लिखितवान् ।	६५
(२)	तैः बालकः धृतवान् ।	ते बालकं धृतवन्तः ।	६५

४. अभ्यासः—(क) २ (ख) को बहुवचन में बदलो । (ख) २ (ग) को एकवचन में बदलो । (ग) २ (घ) को बहुवचन में बदलो । (घ) मधु, अम्बु, वस्तु, अश्रु के पूरे रूप लिखो । (ङ) दा धातु के विधिलिङ् और लृट् के रूप लिखो ।

५. सन्धि करोः—कृष्णः + च । गुरुः + च । कन् + चन । सत् + चरित्रः । सत् + चित् । सत् + जनः । तत् + जलम् । याच् + ना ।

शब्दकोश ५०० + २०=५२०] अभ्यास २९ (०५ ...

(क) पयस् (१. जल, २. दूध), यशस् (यश), शिरस् (शिर), सरस् (ताला... मनस् (मन), तमस् (अन्धकार)। कोकिल: (कोयल), मयूर: (मोर), ... (हंस), शुक: (तोता), कपोत (कबूतर), काक: (कौआ), बक: (बगुला), उलू... (उल्लू)। (१४)। (ख) श्रु (सुनना), शक् (सकना) [आप् (पाना)]। (२)। ... स्वकीय: (अपना), परकीय: (दूसरे का), त्वदीय: (तेरा), मदीय: (मेरा)। (४)

सूचना—(क) पयस्—तमस् के तुल्य। (ख) श्रु—आप्, श्रु के तुल्य।

व्याकरण (पयस्, शतृ प्रत्यय, श्रु धातु, जश्त्व-सन्धि)

१. पयस् शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ३०)। यशस् आ... के रूप पयस् के तुल्य चलाओ।

२. श्रु धातु के लट्, लोट और लङ् के रूप स्मरण करो। (देखो धा... २९)। शक् और आप् धातु के रूप श्रु के तुल्य चलाओ।

नियम ६६-(**झलां जश् झशि**) वर्ग के १, २, ३, ४ (पहला, दूसरा, तीस... चौथा वर्ण) को ३ (अपने वर्ग का तीसरा अक्षर) हो जाता है, बाद में ... के ३ या ४ (तीसरा या चौथा वर्ण) हों तो। जैसे—बुध् + धि:=बुद्धि... सिध्: + धि:=सिद्धि:। दुध् + धम्=दुग्धम्। लभ + ध:=लब्ध:। युध् ध:=युद्ध:।

ॐनियम ६७-'रहा है', 'रहा था' आदि 'रहा' वाले प्रयोगों का अनुवाद संस्कृत... शतृ (अत्) प्रत्यय लगाकर होता है। परस्मैपदी धातु में लट् के स्थान पर श... होता है। शतृ का अत् शेष बचता है। शतृ प्रत्यय लगाकर रूप बनाने ... सरल उपाय यह है कि धातु के लट् के प्रथम पुरुष बहुवचन के रूप में... अन्तिम इ और बीच के न् को हटा दें। इस प्रकार शतृवाला रूप बच... है। शतृ प्रत्ययान्त के रूप पुंलिंग में गच्छत् (शब्द० ९) के तुल्य चलें... स्त्रीलिंग में ई लगाकर नदीवत्, नपुंसक० में जगत् (शब्द० ३३) के तुल्य... शतृ के रूप-पठ्—पठन्ति—पठत्। लिख्—लिखन्ति—लिखत्। इसी प्रक... कृ—कुर्वत्। गम्—गच्छत्। हस्—हसत्। पच्—पचत्। दृश—पश्यत्... स्था–तिष्ठत्। पा—पिबत्। घ्रा–जिघ्रत् आदि। शतृ-प्रत्ययान्त के बाद... अर्थ के अनुसार अस् धातु के लट् या लङ् का प्रयोग करो। जैसे—वह प... रहा है—स पठन् अस्ति।

अभ्यास २६

१. उदाहरण-वाक्यः—१. वह पढ़ रहा है—सः पठन् अस्ति । २. वे दो पढ हैं—तौ पठन्तौ स्तः । ३. ते पठन्तः सन्ति । ४. त्वं पठन् असि। ५. यूयं पठन्तः । ६. अहं पठन् अस्मि । ७. वयं पठन्तः स्मः । ८. सा पठन्ती अस्ति । ९. स ्‌ आसीत् । १०. स पठन् भविष्यति । ११. पठन्तं शिष्यं पश्य । १२. पठते याय दुग्धं देहि । १३. स हसन्, भोजनं पचन्, बालिकां पश्यन्, पुष्पं जिघ्रन्, च पिबन् अस्ति । १४. पयः पिब । १५. यशांसि इच्छ । १६. स वचनं ोति, शृणोतु, अशृणोत् वा । १७. स धनम् आप्नोति, आप्नोतु, वा ।

२. संस्कृत बनाओः—(क) १. वह लिख रहा है । २. वे दो लिख रहे हैं । वे सब लिख रहे हैं। ४. तू काम कर रहा है । ५. तुम दोनों जा रहे हो । तुम सब हँस रहे हो । ७. मैं फलों को देख रहा हूँ । ८. हम दोनों जल पी रहे हैं । हम सब फूल सूँघ रहे हैं । १०. वह पढ़ रहा था । ११. तू भोजन कर रहा । १२. मैं काम कर रहा था । १३. रमा पढ़ रही थी । १४. बालक लिख । होगा । १५. इधर आते हुए कोयले, हंस, मोर और तोते को देखो । . वहाँ बैठे हुए कबूतरों, कौओं, बगुलों और उल्लुओं को देखो । १७. काम ते हुए बालक को लड्डू दो । १८. काम करते हुए मनुष्य का यश होता है ।) १९. जल पीओ । २०. यश के लिए यत्न करो । २१. अपना शिर छुओ । . तालाब में बगुले हैं । २३. अपना मन पवित्र करो । २४. अन्धकार में मत ो । (ग) २५. वह मेरा भाषण सुनता है । २६. तू दूसरे का वचन सुनता है । . मैं तेरा वचन सुनता हूँ । २८. वह सुने । २९. तू सुन । ३०. मैं सुनूं । . उसने सुना । ३२. तूने सुना । ३३. मैंने सुना ।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) वयं पुष्पं जिघ्रन् सन्ति ।	वयं पुष्पाणि जिघ्रन्तः स्मः ।	६७
(२) कार्यं कुर्वन् नरं यशं भवति ।	कार्यं कुर्वतः नरस्य यशः भवति ।	६७,२०

४. अभ्यास :-(क) २(ग) को बहुवचन में बदलो । (ख) इनके रूप लिखो :— ास्, यशस्, मनस् । (ग) श्रु के लट्, लोट् और लङ् के पूरे रूप लिखो ।

५. सन्धि करोः—ऋध् + धिः । शुध् + धिः । बुध् + धिः । वृध् + धिः ।

